53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 7.8 °c अधिकतम 24.4 °c

अमृतवाणी
'है' को स्वीकारो
'थे' वाले कभी थे
ही नहीं।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:09 सूर्यास्त-5:56 | वर्ष : 53/ अंक : 30 | शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

केजरीवाल ने मुख्यमन्त्री शब्द को कलंकित कर दिया है : मनोहर लाल खट्टर

अदालत ने हटाया है... तो जनता भी हटा देगी......

बोर्ड बैठक में 78 करोड़ रुपये के 76 प्रस्ताव पास, 1 निरस्त

- आवासीय भवनों में नहीं बढ़ेगा टैक्स, व्यावसायिक पर दी मंजूरी
- कॉमर्शियल भवनों पर बढ़ेगा अब 20 प्रतिशत तक टैक्स
- नव विस्तारित, नई विकसित कॉलोनियों में अलग-अलग टैक्स
- वार्ड सभासदों की एकजुटता से बैकफुट पर पालिका प्रशासन

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। नगरीय विकास को पंख लगाने के साथ पालिका की आय में बढ़ोतरी को लेकर नगरपालिका परिषद् की बोर्ड बैठक में एक बार फिर सभासदों ने टैक्स बढ़ाने के पालिका प्रशासन के प्रस्ताव पर विरोध दर्ज कराया। पूरे सदन में सभासद टैक्स बढ़ाने के विरोध में आ जाने से उनकी नाराजगी व सदन की सहमति पर पालिका ने टैक्स प्रस्ताव को अभी टालते हुए इसमें संशोधन किए जाने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने मांग की है कि आवासीय भवनों पर टैक्स दर यथावत रखते हुए शहरी क्षेत्र में व्यावसायिक भवनों पर 20 प्रतिशत की वृद्धि लागू की जाये व नये क्षेत्र के साथ छूटी संपत्तियों को टैक्स के दायरे में लाया जाये तो पालिका की आय में बढ़ोतरी होगी। करीब 75 मिनट तक चली बोर्ड बैठक में 77 प्रस्तावों में से करीब 78 करोड़ के विकास कार्यों वाले 76 प्रस्ताव सहमति से पारित किये गये, जबकि एक प्रस्ताव निरस्त कर दिया है।

नगरपालिका परिषद् सभागार में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में ईओ प्रज्ञा सिंह ने शहीद दिवस पर मौन धारण के पश्चात नगर के विकास के एजेंडे को सदन के सम्मुख प्रस्तुत किया और गत कार्यवाही की पुष्टि के साथ

77 प्रस्तावों को बारी-बारी से चर्चा के लिए पेश किया। इसमें प्रस्ताव संख्या 429 पर वार्ड सभासदों ने एकजुटता के साथ चेयरपर्सन के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया। वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, अन्नू कुरैशी, योगेश मित्तल, शौकत अंसारी, मौ. खालिद, रजत धीमान सहित अन्य सभासदों ने इस प्रस्ताव के माध्यम से शहरी क्षेत्र में अचल संपत्तियों पर टैक्स बढ़ोतरी के निर्णय का विरोध करते हुए इसे जनहित के खिलाफ बताया। सभासदों का कहना था कि अभी तक पालिका संपत्तियों पर टैक्स निर्धारण नहीं कर पायी है, तो ऐसे में टैक्स बढ़ाने के बजाए छूटी संपत्तियों पर टैक्स लागू करने व व्यवसायिक भवनों पर टैक्स बढ़ाया जाये। सदन में रखे प्रस्ताव में पालिका के पुराने क्षेत्र के आवासीय भवनों पर कर की दरें यथावत करते हुए सम्पूर्ण शहरी क्षेत्र में आवासीय दरों के मुकाबले व्यावसायिक भवनों पर 20 प्रतिशत वृद्धि करने के साथ ही इसके साथ नव विस्तारित क्षेत्र में अचल सम्पत्तियों को दो श्रेणियों पुराने ग्रामीण क्षेत्र व नव विकसित कॉलोनियों में विभाजित करते हुए यहां पर ग्रामीण में 40 पैसे और नव विकसित कॉलोनियों में 80 पैसे प्रति वर्गफुट दर से मासिक किराया तय करते हुए कर निर्धारण किए जाने की पैरवी की। सदन की सहमति पर इस प्रस्ताव को

शेष - पृष्ठ-4 पर

5 फरवरी को पीएम मोदी नहीं जाएंगे प्रयागराज! अमृत स्नान के दिन वीआईपी एंट्री पर रोक

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को प्रयागराज नहीं जाएंगे। सूत्रों के अनुसार महाकुंभ में मची भगदड़ की वजह से उन्होंने स्नान का प्रोग्राम रद्ध कर दिया है। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी फरवरी के महीने में किसी दिन कुंभ में स्नान करने जा सकते हैं। हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इसके अलावा महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रयागराज में वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी है। साथ ही अमृत स्नान के दिन श्रद्धा के आने पर पाबंदी रहेगी। प्रयागराज में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में अचानक भगदड़ मच गई थी। इसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 60 से ज्यादा घायल हो गए। यूपी पुलिस ने इस भगदड़ को पहले तो छुपाने की कोशिश की, लेकिन देर रात घटना की जानकारी देते हुए मृतकों की संख्या बताई। घटना के एक दिन बाद प्रदेश सरकार ने भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। वसंत पंचमी स्नान पर्व की तैयारियों को लेकर गुरुवार को डीजीपी प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बैठक की, जिसमें तय किया गया कि बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा, महाशिवरात्रि समेत अन्य प्रमुख स्नान पर्वों पर महाकुंभ में वीआईपी नहीं जाएगा। यूपी सरकार के अनुसार, गुरुवार को शाम 4 बजे तक 1.77 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। अब तक 29.64 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। 26 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में अभी करोड़ों लोगों के पहुंचने की आशंका है।

कपड़ा व्यापारी की रेल से कटकर दुखद मौत

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.) गांधी कॉलोनी के रहने वाले कपड़ा व्यापारी की सुबह 9 बजे अचानक ट्रेन की चपेट में आकर दुखद मौत हो गयी। गांधी कॉलोनी निवासी अमन ग्रोवर शहर की झांसी की रानी के निकट कपड़े का कारोबार करता था। आज सुबह 9 बजे के आसपास वह अपने घर गांधी कॉलोनी से किसी काम से सरवट फाटक की ओर से जा रहा था, तभी सरवट फाटक पर उसने अपनी बाइक साइड में खड़ी करके रेलवे लाइन पार करने की कोशिश की, इसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल के बाद व्यापारी की पहचान गांधी कॉलोनी निवासी अमन ग्रोवर के रूप में हुई। शाम साढे तीन बजे गमगीन माहौल में व्यापारी का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बसेड़ा के छह वर्षीय सैफ का शव गांव में पड़ा मिला

छपार, 30 जनवरी (बु.)। बसेड़ा गांव से रहस्यमय ढंग से घर के बाहर से लापता हुए छह वर्षीय बालक सैफ का शव बोरे में बंधा पड़ा मिला। उसकी गर्दन काटकर हत्या की गई थी। घटना की सूचना से जहां परिजनों में मातम छा गया। वहीं ग्रामीणों में गुस्सा व्याप्त हुआ है, जहां सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भिजवाया गया। छपार थाना क्षेत्र के कस्बाई गांव बसेड़ा के दिलशाद का छह वर्षीय पुत्र सैफ कल सुबह बुधवार में घर के बाहर खेलने गया था। फिर वह नाटकीय तरीके से लापता हो गया। परिजनों द्वारा तलाश के बावजूद सुराग न लगने पर बच्चे के पिता ने सायं को छपार थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। परिजन व पुलिस बच्चे की तलाश मे जुटी थी। गुरूवार दोपहर में गांव के एक व्यक्ति ने गांव में एक बंद पड़े मकान के पास एक बोरा पड़ा देखा, जिसमें खून बह रहा था। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे, तो बोरे में मिले शव की पहचान सैफ के रूप में हुई, जिससे परिवार में मातम छा गया। सूचना पर छपार थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ ही सीओ सदर मौके पर पहुंचे। फिंगर प्रिंट्स टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, जिससे ग्रामीण उत्तेजित हुए थे। बच्चे की निर्मम तरीके से हत्या की गई थी। सीओ सदर राजू कुमार साव ने बताया कि मृतक बच्चे के हत्यारों की सुरागरसी की जा रही है। गांव के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। घटना से जुड़े हर पहलू की जांच की जा रही है। शीघ्र घटना का अनावरण किया जाएगा। घटना से परिजनों के साथ ही ग्रामीणों में शोक व्याप्त हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ है। वहीं ग्रामीणों का सांत्वना देने को तांता लगा रहा। मृतक का एक चार वर्षीय भाई व तीन माह की बहन है। छपार पुलिस के साथ ही एसओजी व सर्विलांस टीम भी सैफ की हत्या के खुलासे के प्रयास में लगी है।

निर्ममता से की गयी छह साल के मासूम की हत्या

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.) छपार थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा से लापता छह साल के बच्चे की हत्या के मामले में जब खून से लथपथ बोरा खोला गया तो मासूम सैफ के शरीर पर धारदार हथियारों के निशान देखकर साफ दिखाई दे रहा था कि छोटे से मासूम की किस तरह से निर्ममता से हत्या की गयी होगी। सैफ की गर्दन पर भी खून के निशान साफ झलक रहे थे। माना जा रहा है कि या तो किसी ने तंत्र क्रिया करने के उद्देश्य से मासूम की बेदर्दी से हत्या की है या कोई पुरानी रंजिश के चलते मासूम को निशाना बनाया गया है।

गाजियाबाद की नरगिस बानो निकली स्पा सैंटर की संचालिका

नेपाल व बंगाल से आई युवतियों से कराये जा रहे थे गंदे धंधे

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। जैसा कि सर्वविदित है कि मुजफ्फरनगर में आए दिन अय्याशी के अड्डे मिलने लगे हैं मगर अब यह मामले और संदिग्ध तब लग रहे हैं, जब इनकी संचालिकाएं किसी भी शहर से आकर मुजफ्फरनगर में काम कर बैठती हैं और कोई पूछताछ करने वाला नहीं होता। ऐसे में कोई किसी दिन बड़ी घटना को अंजाम देकर चला जायेगा और शायद मुजफ्फरनगर पुलिस को हवा भी नहीं आएगी। महावीर चौक स्थित एक स्क्वायर मॉल में दो दिन पहले स्पा सैंटर से पकड़ी गयी संचालिका व युवतियां संदिग्ध ही निकलीं। उक्त सैंटर की संचालिका नरगिस बानों निवासी बोहपुरा, डीएलएफ सोसायटी, शालीमार गार्डन, जिला गाजियाबाद निकली, जोकि मौहल्ला ब्रह्मपुरी में रह रही थी। पुलिस ने मौके से जिन तीन युवतियों को हिरासत में लिया, उक्त युवतियां भी आसपास ही नहीं नेपाल, बंगाल और दिल्ली की निवासी हैं। ऐसे में यह तस्वीर तो साफ हो रही है कि मुजफ्फरनगर में कोई कहीं से भी आकर पनाह ले सकता है और उससे किसी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं हो पाती। स्क्यावर सैंटर से स्पा सैंटर के नाम पर अवैध धंधे कराने वाली संचालिका से अब पूछताछ की जा रही है। एएसआई केपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नेपाल, बंगाल और दिल्ली की लड़कियों से जब पूछताछ की गयी तो उन्होंने बताया कि चार साल पहले वह काम के लिए दिल्ली आई थीं। वहां उन्होंने एक कपड़े की दुकान पर काम किया। अब से चार माह पहले खतौली निवासी शादाब से उनकी मुलाकात हुई और वह उन्हें और अधिक अच्छे वेतन पर काम दिलाने के उद्देश्य से मुजफ्फरनगर ले आया और स्पा सैंटर संचालिका नरगिस के यहां काम पर छोड़ दिया। युवतियों का कहना है कि स्पा सैंटर की संचालिका हरेक दिन उनसे स्पा सैंटर की आड़ में गंदे धंधे कराया करती थी। फिलहाल पुलिस ने संचालिका को जेल भेज दिया है, जबकि आरोपी शादाब की तलाश की जा रही है तथा तीनों युवतियों के कोर्ट में बयान दर्ज कर लिये गए हैं।

ऐसी अवैध धंधे कराने वाली संचालिका व युवतियों को किराये पर मकान देने वाले भी उतने ही गुनाहगार

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। जब नेपाल, दिल्ली अथवा बंगाल से आकर कोई भी मुजफ्फरनगर में किराये पर कमरा अथवा मकान ले सकता है तो ऐसे में तो कोई भी संदिग्ध व्यक्ति भी मुजफ्फरनगर में आकर आसानी से रह सकता है। इस मामले में संचालिका तो दोषी है ही, साथ ही साथ वह लोग भी दोषी हैं जो इन्हें बिना आईडी प्रूफ व बिना पुलिस को जानकारी दिये किराये पर रख लेते हैं। इन्हें किराये पर रखने वाले लोग भी क्यों नहीं पकड़े जाने चाहिएं, यह सवाल अपने आप में छोटा नहीं है। देश में जब भी कोई बड़े घटनाक्रम होते हैं तो वे इसी तरह से होते हैं कि पनाह देने वाले उन्हें बिना पुलिस को सूचित किये पनाह दे देते हैं और वे किसी भी घटना को अंजाम देकर चले जाते हैं। नेपाल से कैसे कोई युवती मुजफ्फरनगर में आकर रह सकती है, यह सवाल अपने आपमें बड़ा सवाल है। पुलिस को इस मामले में उक्त युवतियों के मकान मालिकों से भी पूछताछ करनी चाहिए कि आखिर किस आधार पर उन्होंने युवतियों को मुजफ्फरनगर में रखा हुआ था।

अमेरिकी सेना के चोपर से टकराया यात्री विमान, सभी 67 के मरने की आशंका

वाशिंगटन, 30 जनवरी (एजेंसी)। अमेरिका में राजधानी वाशिंगटन के पास अमेरिकन एयरलाइंस के विमान और सेना के हेलीकॉप्टर की टक्कर से हुए हादसे में किसी के भी जिंदा बचे होने की उम्मीद नहीं है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी अब बचाव के बाद रिकवरी अभियान में जुट गए हैं। वहीं इस दौरान एयरलाइंस के जेट से टकराने वाले हेलीकॉप्टर का मलबा भी बरामद हुआ है। वाशिंगटन के पास रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय 63 यात्रियों और चार चालक दल के सदस्यों को ले जा रहे अमेरिकन एयरलाइंस के जेट के सेना के हेलीकॉप्टर से टकराने के बाद पोटोमैक नदी के बर्फीले पानी से कम से कम 67 शव निकाले गए। वहीं इस हादसे पर अमेरिकन एयरलाइंस के प्रमुख ने कहा कि 'हमें नहीं पता कि' टक्कर से पहले सैन्य हेलीकॉप्टर यात्री जेट के रास्ते में क्यों आ गया। वहीं इस हादसे के बाद विमान में सवार अन्य हताहतों की तलाश जारी है, लेकिन अधिकारियों को नहीं लगता कि कोई और जीवित बचा है, जिससे

हेलीकॉप्टर का मलबा किया बरामद, नदी से निकाले गये 28 लोगों के शव, कोहराम

यह लगभग 24 वर्षों में अमेरिका में सबसे घातक हवाई दुर्घटना बन जाएगी। मामले में अग्निशमन प्रमुख जॉन डोनेली ने कहा, 'हम अब उस बिंदु पर पहुंच गए हैं जहां हम बचाव अभियान से रिकवरी अभियान में बदल रहे हैं', 'हमें नहीं लगता कि कोई जीवित बचा है।' विमान के हिस्से कमर तक गहरे पानी में तीन हिस्सों में उल्टा पड़ा मिला। हेलीकॉप्टर का मलबा भी मिला। बता दें कि, मामले में संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार (ईएसटी) रात लगभग नौ बजे उस समय हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य 'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकरा गया। विमान के रेडियो ट्रांसपोंडर से मिले डेटा के मुताबिक, 'अमेरिकन एयरलाइंस' की उड़ान संख्या 5342 लगभग 400 फुट की ऊंचाई से करीब 140 मील प्रति घंटे की गति से हवाई अड्डे की ओर आ रही थी, तभी पोटोमैक नदी के ऊपर इसकी ऊंचाई तेजी से कम हो गई। विमान-हेलीकॉप्टर की टक्कर हुए हादसे को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गंभीर सवाल उठाए हैं।

टायर फटने से ट्रैक्टर डिवाइडर से टकराया, चालक गम्भीर घायल

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। गुरूवार की दोपहर रुड़की रोड पर अजीबो-गरीब हादसा हुआ। अस्पताल की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर का एकाएक टायर फट गया, जिससे ट्रैक्टर असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराया और ट्रैक्टर चालक औंधे मुंह जमीन पर जा गिरा। जैसे ही ट्रैक्टर चालक सड़क पर गिरा तो हाथोंहाथ वह बेहोश हो गया। लोगों में सूचना फैली कि ट्रैक्टर चालक की मौत हो गयी है। सोशल मीडिया पर भी ट्रैक्टर चालक की मौत की खबर चल चुकी थी, मगर जैसे ही चालक को अस्पताल ले जाया गया और डॉक्टरों ने उसको उपचार दिया तो उसकी सांसे चल रही थी। डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार देकर रवाना कर दिया। डॉक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें उसका नाम नहीं पता है, बस इतना पता लग पाया है कि वह इन्द्रा कॉलोनी निवासी है। गंभीर अवस्था में ऑक्सीजन देकर रुडकी रोड पर घायल हुए उक्त व्यक्ति को तत्काल जिला चिकित्सालय से रैफर कर दिया गया।

भड़काऊ भाषण व निजी परिवाद के मामले में कोई गवाह नहीं हुआ पेश, समन जारी

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। 31 अगस्त 2013 को सिखेड़ा थाना क्षेत्र के नंगला मंदौड़ के मैदान में पंचायत का आयोजन किया गया था। इस मामले में आज भड़काऊ भाषण व निजी परिवाद के मामले में कोई भी गवाह पेश नहीं हुआ, जिसे चलते दोनों मामलों में गवाहों के पेश होने की 21 तारीख तय की गयी है। आपको बता दें कि नंगला मंदौड पंचायत में कई नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिये थे और जिले में बड़ा दंगा हुआ था। भड़काऊ भाषण देने के मामले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, बिजनौर के पूर्व सांसद कुंवर भारतेन्दु, बुढ़ाना के पूर्व विधायक उमेश मलिक, चेयरमैन श्यामपाल, साध्वी प्राची, सचिन, रवीन्द्र, योगेश, मिंटू, बिट्टू सिखेड़ा, विरेन्द्र प्रमुख, शिवकुमार सहित चौदह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। पुलिस ने सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में मुकदमे के दौरान विरेन्द्र प्रमुख की मौत हो गयी थी तथा शिवकुमार की फाइल को अलग कर दिया गया था। निजी परिवाद के मामले में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सांसद हरेन्द्र मलिक सहित 20 के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया गया था। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामले में आज गुरूवार को गवाह पेश नहीं हुए, जिस कारण कोई सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने गवाह को पेश होने के लिए समन जारी किये हैं। वहीं आरोपियों की ओर से कोर्ट में हाजिरी माफी दी गयी। दोनों मामलों में अगली तारीख 21 फरवरी नियत की गयी है।

सैनी ने हरप्रीत को चंडीगढ़ का नया मेयर चुने जाने पर दी बधाई

चंडीगढ़, 30 जनवरी (वार्ता) हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुवार को भाजपा चंडीगढ़ नेत्री सरदारनी हरप्रीत कौर बबला को सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ का नया मेयर चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी। श्री सैनी ने कहा कि सुश्री हरप्रीत के नेतृत्व में चंडीगढ़ के सभी विकास कार्य सुचारु रूप से संपन्न होंगे, ऐसा पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि झूठ और फरेब पर आधारित आम आदमी पार्टी आप-दा राजनीति के समापन का श्री गणेश हो चुका है। पांच फरवरी को दिल्ली की देवतुल्य जनता यमुना में आप-दा की तिलांजलि देगी,10 वर्षों के अंधकार युग और झूठ तंत्र का समापन होगा। सुश्री हरप्रीत ने आप की की प्रेमलता को दो वोट से हराया। 35-सदस्यीय सदन में भाजपा प्रत्याशी को 19 वोट मिले जबकि आप प्रत्याशी को 17 वोट मिले। आप और कॉंग्रेस मिलकर यह चुनाव लड़ रहे थे और गठबंधन के 19 पार्षद और सांसद को मिलकर बीस वोट थे, लेकिन गठबंधन के तीन सदस्यों ने क्रॉस वोटिंग की।

हैलमेट पहनने वालों के ही कटते हैं चालान तो फिर काहे को किया जा रहा हैलमेट पहनाकर दुपहिया वाहन चालकों का सम्मान

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.) पिछले एक साल से लगातार जिस तरह ग्रामीण क्षेत्रों से हैलमेट पहनकर आ रहे लोगों का चालान के नाम पर आर्थिक शोषण हो रहा है, उसकी गूंज हरेक व्यक्ति के कानों में आराम से गूंजती है। बच्चे-बच्चे को पता है कि जो भी व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्र से आएगा और उसने हैलमेट पहना होगा, सबसे पहले उसके कई दोष बताकर चालान काटा जाएगा, मगर अब पिछले दो माह से एक नई गांधीगिरी की जा रही है। स्वयं यातायात विभाग के अधिकारी चौराहों पर खड़े होकर दुपहिया वाहनों को हैलमेट पहनाते हैं। उनके गले में माला डालते हैं और उन्हें सम्मान देते हैं, मगर आमजन के मन में इस गांधीगिरी का कोई अर्थ इसलिए समझ में नहीं आ रहा, क्योंकि यही यातायात विभाग हैलमेट पहने लोगों का चालान काटकर आर्थिक उत्पीड़न कर रहा है और यही विभाग हैलमेट अपनी ओर से पहनाकर गांधीगिरी करने की कोशिश कर रहा है। यदि गांधीगिरी ही करनी है तो कम से कम दूर-दराज से हैलमेट पहने व्यक्ति को जब यातायात पुलिस घेरकर पकड़ती है तो उसे नियम कानून बताकर ही छोड़ दे, मगर मुजफ्फरनगर में तो चंद हैलमेट बांटकर सैंकड़ों हैलमेट पहने लोगों के घेर-घेरकर चालान किये जाते हैं। यदि इस बात के प्रत्यक्ष प्रमाण भी चाहिएं हों तो खुद अधिकारी हर चौराहे पर हैलमेट पहने लोगों का शोषण होते खुलेआम देख सकते हैं। चार चार यातायात विभाग के कर्मी एक-एक वाहन चालक को इस तरह से घेरकर दबोचते हैं, जैसे किसी बदमाश की घेराबंदी की जाती है। ऐसे में हैलमेट बांटने और फूलों की माला पहनाने का कोई अर्थ नहीं दिखाई पड़ता। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों का यह अपमान व आर्थिक शोषण बंद नहीं होता, तब तक ऐसी गांधीगिरी का कोई लाभ नहीं।

माफिया डॉन सुशील मूंछ के दूसरे बेटे पर भी इनाम की तैयारी

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। दो दिन पहले मैक्स रियल एस्टेट प्रोजेक्ट कम्पनी के मैनेजर को धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान माफिया डॉन सुशील मूंछ के बेटे अक्षय जीत उर्फ मोनी व उसके शार्प शूटर अमरदीप को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों के पास से असलाह भी बरामद किया था और एक गाड़ी भी अपने कब्जे में ली थी। अब अक्षयजीत के बाद सुशील मूंछ के दूसरे बेटे मंजीत उर्फ टोनी पर भी इनाम की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में मंजीत उर्फ टोनी को भी नामजद किया था। डीआईजी व एसएसपी अभिषेक सिंह ने एक लाख के इनामी सुशील मूंछ तथा उसके बेटे की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की हैं। अब देखना यह होगा कि क्या वास्तव में सुशील मूंछ व उसके दूसरे बेटे की गिरफ्तारी मुजफ्फरनगर पुलिस कर पाती है अथवा नहीं।



समस्त तीर्थ माता के चरणों में विद्यमान होते है
स्व. श्रीमती प्रेमवती धर्मपत्नी स्व. लाला ताराचन्द सर्राफ जी
की 10 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर
नि:शुल्क हार्ट चैकअप कैम्प
फोर्टिस एस्कॉर्टस हॉस्पिटल
ओखला रोड, नई दिल्ली
के सहयोग से आयोजित

- BLOOD PRESSURE
- RANDOM BLOOD SUGAR
- ECG
- PULMONARYFUCTION TEST
- BONE MINERAL DENSITY TEST

डा0 धनंजय कुमार MBBS, MDDM कार्डियोलॉजिस्ट
डा0 अमन दुआ MBBS, MS, DNB (आर्थोपेडिक्स)
डा0 हर्षवर्धन M.S (सर्जन)

-: कार्यक्रम :-
बुधवार 05 फरवरी 2025
समय प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक
स्थानः सन्तोष हॉस्पिटल (सिंघल नर्सिंग होम)
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

::: निवेदक :::
श्रीमती रुकमणी देवी-स्व. मूलचन्द सर्राफ | पंकज अग्रवाल-नवीन अग्रवाल
श्रीमती सुशीला-शिवनारायण अग्रवाल | सुशील अग्रवाल-अभिषेक अग्रवाल
श्रीमती अंजू-अशोक अग्रवाल | अभिनव अग्रवाल, प्रशान्त अग्रवाल
श्रीमती प्रभा-पुष्पेन्द्र अग्रवाल

::: आयोजक:::
श्रीमती दीपा-सुरेन्द्र अग्रवाल
श्रीमती झलक-प्रसून अग्रवाल
रानदीप ज्वैलर्स, मो. 8837033201

सहयोगी संस्था:
अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन
इण्टरनेशनल गुडविल सोसायटी

रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें:- 9759223865, 9719139609

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 30 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 31 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1492-इटली के सिसली क्षेत्र से एक लाख यहूदियों को निकाला गया। 1600-ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई। 1781-अमेरिका में पहला बैंक ह्यबैंक ऑफ नॉर्थ अमेरिकाह्ल में खुल। 1802-पेशवा बाजीराव द्वितीय को ब्रिटिश संरक्षण प्राप्त हुआ। 1861-चेरापूँजी (असम में 22990 मिमि बारिश हुई जो विश्व में किसी भी स्थल पर होने वाली सर्वाधिक वर्षा है। 1915-भारत की प्रसिद्ध लोक कलाकार यमुनाबाई वाईकर का जन्म। उन्हें 'लावणी की क्वीन' कहा जाता था। 1925-व्यंग्य लेखन के विख्यात साहित्यकार श्रीलाल शुक्ल का जन्म। 1926-प्रसिद्ध भारतीय लेखक, इतिहासकार, श्रेष्ठ वक्ता और विद्वान विश्वनाथ काशीनाथ राजवाडे का निधन। 1929-महात्मा गाँधी के नेतृत्व में काँग्रेस के कार्यकताओं ने लाहौर में पूर्ण स्वराज्य के लिए आंदोलन शुरू किया। 1944-अमेरिकी राज्य उताह के ओगडन में रेल दुर्घटना में 48 लोगों की मौत। 1949-विश्व के 18 देशों ने इंडोनेशिया को मान्यता दी। 1956-मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रविशंकर शुक्ल का निधन। 1962-हालैंड ने दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप न्यू गिनी को छोड़ा। 1964-इंडोनेशिया को संयुक्त राष्ट्र से निष्कासित किया गया। 1979-भारत की पर्वतारोही अंशु जमसेन्पा का जन्म। 1979-भारतीय राजनीतिज्ञ ज्ञान सिंह रानेवाला का निधन। 1981-घाना में सैनिक क्रान्ति द्वारा राष्ट्रपति डाक्टर लिम्मान सत्ताच्युत एवं फ़्लाइट लेफ़्टिनेंट जेरी रालिंग्स ने सत्ता संभाली। 1983-ब्रुनेई को ब्रिटेन से आजादी मिली। 1984-राजीव गाँधी 40 वर्ष की उम्र में भारत के सातवें प्रधानमंत्री बने। मो. अजहरुद्दीन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलकर अपने अंतर्राष्ट्रीए क्रिकेट जीवन की शुरूआत की। बाद में वे भारतीय टीम के कप्तान भी बने। 1988-परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया जो 27 जनवरी 1991 से प्रभावी हुआ। 1997-मोहम्मद रफीक तरार पाकिस्तान के 9वें राष्ट्रपति निर्वाचित। 1998-रूस द्वारा कजाकिस्तान अंतरिक्ष केंद्र से तीन उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1350, रसकट ढैया 1230-1240, चाकू 1360-1450, लड्डू 1360-1421, खुरपापाड़ 1320-1345, शक्कर मसाला 1400-1415। आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	81700	चांदी-	92300
सिक्का-	10500	गिन्नी-	62300

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025

मेष- सद्विचारों का उदय, लाभ का मार्ग प्रशस्त, नौकरी पदोन्नति विषयक मसला हल, विशिष्टजनों से सम्पर्क, धर्म अध्यात्म में आस्था, राजनैतिक कार्यों में रुचि।
वृषभ- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, मित्रों-परिजनों से सहयोग, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि।
मिथुन- कार्य व्यवसाय में अनुकूलता, परिवार में धार्मिक आयोजन सम्पन्न, उच्चाधि-कारियों से सम्पर्क, मित्रों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, नवस्थलों की यात्रा।
कर्क- कार्यों के प्रति निराशा, व्यक्ति विशेष से हानि, सुख-सुविधा का अभाव, मित्रों से मतभेद, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना का आशंका, यात्रा से हानि।
सिंह- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, योजना फलीभूत होने को, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद।
कन्या-विविध पक्षों में अनुकूलता, समस्याओं का संतोषजनक समाधान, पठन-पाठन में रुचि, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, संभावित यात्रा प्रशस्त।
तुला- नवीन योजना का श्री गणेश, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, यात्रा संतोषजनक, आपसी मधुरता।
वृश्चिक- गृहस्थिति विपरीत, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, ताल-मेल का अभाव, बात-बात पर क्रोध, घरेलू समस्याओं से अशांति, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक।
धनु- स्वास्थ्य अनुकूल, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, भोग-विलासिता की ओर सम्मान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, यात्रा संतोषजनक, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता।
मकर- आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, शुभ-भावनाओं का उदय, आत्मीयजनों से मधुरता, आत्मिक शांति, आनन्द की अनुभूति, सुख के जरूरी साधन सुलभ।
कुम्भ- विचारित कार्यों में प्रगति, विवाद का समापन, मित्रों से विचार विनिमय, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, अभिलाषा की पूत, वैवाहिक जीवन सुखद, हर्ष भी।
मीन- योजना की पूर्ति में बाधा, आरोग्य सुख में कमी, मनोबल में कमी, पठन-पाठन में अरुचि, सुख शांति का अभाव, विचारों में उग्रता, क्रोध की अधिकता, हानि भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

फेयरवेल पार्टी में हेयर स्टाइल में एकांशी, ड्रेसिंग सेंस में इशिका राठी रहीं अव्वल

भोपा, 30 जनवरी (बु.)। सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल रहकड़ा कासमपुरा में फेयरवैल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें रंगारंग कार्यक्रम के बीच कक्षा 11 के छात्रों ने अपने सीनियर्स को विदाई दी, जिसमें हेयर स्टाइल में एकांशी, ड्रेसिंग सेंस में इशिका राठी अव्वल रही। समापन पर विजेताओं को प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी व उप प्रधानाचार्या अक्षमा चौधरी ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉयरेक्टर ओमपाल सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद सीनियर छात्रों ने अपने अनुभव साझा किये और शिक्षकों व जूनियर्स का आभार प्रकट किया। मुख्य आकर्षण कैटवॉक प्रतियोगिता रही, जिसमें सीनियर छात्रों ने आत्मविश्वास और स्टाइल के साथ मंच पर अपने व्यक्तित्व की झलक दिखाई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित खिताब भी प्रदान किए गए, जिसमें मिस सेंट जेवियर्स में दिशा, मिस्टर सेंट जेवियर्स में अवि, मोस्ट चार्मिंग फेस ऑफ सेंट जेवियर्स मुस्कान तथा प्रदीप, परफॉर्मर ऑफ सेंट जेवियर्स में वृद्धि, बेस्ट हेयर स्टाइल में एकांशी, बेस्ट ड्रेसिंग सेंस में इशिका राठी को चुना गया। समापन पर प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी व उप प्रधानाचार्या अक्षमा चौधरी ने विद्यार्थियों को विदाई के रूप में उपहार प्रदान किए गए।

केजरीवाल ने दिल्लीवासियों को दूषित पानी पीने के लिये मजबूर किया: शाह

नई दिल्ली, 30 जनवरी (वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना को प्रदूषित करके दूषित पानी पीने के लिये दिल्ली वासियों को मजबूर किया है।

श्री शाह ने यहां रोहिणी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुये कहा कि आपने पानी के शुद्धिकरण, सड़कों की सफाई और जल बोर्ड के स्वच्छ पानी देने के सारे पैसे आप के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिये हैं। श्री शाह ने रोहिणी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि श्री केजरीवाल हार देखकर बौखला गये हैं। उन्होंने कहा कि मैं केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के लिये झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली वालों को परेशान करने के लिये हरियाणा से यमुना जी के जल में जहर मिलाया है। अरे, केजरीवाल जी कौन सा जहर मिलाया है, कौन सी लेबोरेटरी में आपने टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइये। उन्होंने कहा कि आप कह रहे हैं कि जहर मिलाया हुआ पानी आपने रोक दिया। अरे, यमुना का पानी रुकता है, तो गांवों में बाढ़ आती है। आप बताइये दिल्ली के किसी गांव में बाढ़ आई है क्या? उन्होंने कहा कि इन्होंने कहा था कि यमुना के पानी को लंदन की थेम्स नदी जैसा बना देंगे और वे खुद उसमें डुबकी लगायेंगे, लेकिन केजरीवाल ने आज तक डुबकी क्यों नहीं लगाई? उन्होंने कहा कि दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ और दिल्ली की जनता के सामने पांच तारीख को आप को हटाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका है।

उन्होंने कहा कि आप लोगों को कमल के निशान का बटन दबाना है और भाजपा सरकार बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि श्री केजरीवाल के ह्यशीश महलह्ल के शीशे टूट जायें। हमारी सरकार बनी तो दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जायेंगे, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे, सड़कों और गलियों की शानदार सफाई भी करेंगे और साथ में जल प्रबंधन भी हम करेंगे। उन्होंने कहा कि पांच तारीख को आपको मतदान करना है और आप-दा को हटाना है, भाजपा को जिताना है। आप-दा को हटाने का मतलब है- 10 साल के कुशासन का जवाब देना। आपदा -दा को हटाने का मतलब है- 10 साल के केजरीवाल के भ्रष्टाचार का जवाब देना। आप -दा को हटाने का मतलब है-10 साल के तुष्टिकरण का जवाब देना। श्री शाह ने कहा कि हमने तय किया है कि भाजपा सरकार बनने के बाद, हर महीने की पांच तारीख से पहले हर माता-बहन को 2,500 रुपये सीधे उनके बैंक खाते में देने का काम करेंगे। हर गर्भवती महिला को हमारी सरकार 21,000 रुपये देगी। 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा।

शाह ने बताया मोदी सरकार के 10 साल को नये युग की शुरूआत

नई दिल्ली, 30 जनवरी (वार्ता)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार के 10 साल का कार्यकाल सच्चे अर्थ में एक युग का अंत करने और एक नये युग की शुरूआत करने वाला समय रहा। श्री शाह आज यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों पर केन्द्रित पुस्तक ह्यइंडियन रेनेसां: द मोदी डिकेडह्ल के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह पुस्तक डॉ. ऐश्वर्या पंडित ने लिखी है। कार्यक्रम में केन्द्रीय मनोहर लाल और सांसद कार्तिकेय शर्मा भी उपस्थित रहे। गृह मंत्री ने कहा, ह्लमैं निश्चित रूप से मानता हूँ कि मोदी जी के ये दस साल आने वाले 25 साल की नींव है। हमारे अमृत काल की नींव है।ह्व उन्होंने कहा कि उन्हें भरोसा है कि भारत को अब प्रगति की राह पर अब कोई रोक नहीं सकता है। श्री शाह ने कहा कि भारत में एक समय आबादी बोझ मानी जाती थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने 130 करोड़ की आबादी को सशक्त कर देश को दुनिया का एक विशाल बाजार बनाया है। उन्होंने कहा कि पहले यह बाजार वास्तव में 130 करोड़ का नहीं था क्योंकि 60 करोड़ ऐसे थे जिनकी जेब में पैसा नहीं था कि वे कुछ खरीद सकें। श्री शाह ने कहा कि दस साल में मोदी सरकार ने आम लोगों को घर, गैस कनेक्शन, शौचालय, स्वच्छ पानी, बीमा और पांच किला मुफ्त राशन देकर मजबूत किया है।

मर जाएंगे लेकिन भाजपा से समझौता नहीं करेंगे: राहुल

नई दिल्ली, 30 जनवरी (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नफरत की राजनीति करती है जबकि कांग्रेस मोहब्बत की दुकान खोलती और विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है इसलिए किसी भी स्तर पर भाजपा से समझौता नहीं किया जाएगा। श्री गांधी ने दिल्ली की बादली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी तथा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के समर्थन में विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए आज कहा कि भाजपा और कांग्रेस की विचारधारा कहीं भी मेल नहीं खाती है और दोनों में किसी भी मामले में कोई समझौता नहीं हो सकता है। उनका कहना था कि कांग्रेस संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ रही है जबकि भाजपा संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही है। हम मर जाएंगे, लेकिन भाजपा से समझौता नहीं करेंगे। क्योंकि हमारा हिंदुस्तान 'नफरत' का हो ही नहीं सकता। हमारा हिंदुस्तान 'संविधान, भाईचारे' का है। हम ऐसे ही हिंदुस्तान के लिए लड़ते हैं और इसके लिए मरने को भी तैयार हैं। भाजपा सरकार ने मुझे डराने के लिए 32 मामले दर्ज कावाये हैं।

धनगर जाति का प्रमाण पत्र बनवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

कलेक्ट्रेट पहुंच धनगर समाज के लोगों ने की मांग, धरना देने के बाद अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। धनगर जाति के प्रमाणपत्र निर्गत किए जाने की मांग को लेकर गुरूवार को धनगर समाज उत्थान समिति ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान धनगर समाज के लोगों ने ऐलान किया कि अगर उनकी मांग पर संज्ञान नहीं लिया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। समाज के लोगों ने नगर मजिस्ट्रेट को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। गुरूवार को धनगर समाज के दर्जनों लोगों ने जिलाध्यक्ष लोकेश धनगर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में पहुंच विरोध प्रदर्शन करते हुए डीएम कार्यालय के सामने धरना दिया। समिति ने सिटी मजिस्ट्रेट को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समिति के लोकेश धनगर ने कहा कि धनगर जाति का प्रमाण पत्र निर्गत करने में आ रही दिक्कतों को दूर करने को सरकार ने स्पष्टीकरण आदेश जारी किया था। इसके बाद भी समाज के लोगों को जाति प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं।

समाज के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज के छात्र जाति प्रमाणपत्र बनवाने के लिए भटक रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। जरूरतमंद छात्रों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान ब्रह्म सिंह धनगर, नकली सिंह धनगर, आनन्द धनगर,सतीश धनगर, सरिता धनगर आदि लोग मौजूद रहे।

पुंछ में एलओसी पर घुसपैठ नाकाम, सेना की गोलीबारी में 3 आतंकी ढ़ेर

राजौरी, 30 जनवरी (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर गुरुवार देर शाम को सीमा पार से घुसपैठ के एक बड़े षड्यंत्र को सेना ने विफल करते हुए तीन आतंकियों को मार गिराया। बताया जा रहा है कि आतंकियों का एक दल एलओसी पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। एलओसी पर सेना का अभियान अभी जारी है।

जानकारी के अनुसार, पुंछ में एलओसी पर खड़ी खड़माल क्षेत्र में तैनात सेना के जवानों ने कुछ हलचल देखी। घुसपैठ की आशंका को भांपकर जवानों ने आसपास की सुरक्षा चौकियों को अलर्ट करते हुए अपने उच्चाधिकारियों को सूचित कर आतंकियों को ललकारा।

इस पर घुसपैठियों के दल ने गोलीबारी करते हुए वापस भागने का प्रयास किया। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। कुछ ही देर में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया। इसके बाद एक और आतंकी मारा गया। अन्य आतंकियों के एलओसी के आसपास ही छिपे होने की आशंका पर सेना का अभियान जारी है। जम्मू संभाग के डोडा में आतंकियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने गुरुवार को क्षेत्र में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान डोडा पुलिस और सीआरपीएफ ने सुबह 8:30 बजे डोडा के दोरहू, बस्ती और भद्रवाह के आसपास के वन क्षेत्र में शुरू किया। डोडा के जंगलों में पिछले वर्ष कई आतंकी घटनाएं हुई थीं। आतंकियों ने छत्रगला में सुरक्षाबलों के शिविर पर गोलियां बरसाई थी, जिसमें एक जवान घायल हो गया था। आतंकियों का नया गढ़ बनते जा रहे जम्मू संभाग के सीमावर्ती और पर्वतीय क्षेत्रों में आतंकियों के सफाए के लिए पुलिस ने सेना के साथ मिलकर बीते एक पखवाड़े में लगभग दो दर्जन अभियान शुरू किए हैं। चलाए जा रहे इन अभियानों में पैरा कमांडो दस्ते की भी मदद ली जा रही है।

दिल्ली में फिर बनेगी 'आप' की सरकार: अखिलेश यादव

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को किराड़ी विधानसभा में रोड शो किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने दावा करते हुए कहा कि दिल्ली में एक बार फिर आप की सरकार बनने जा रही है और भाजपा की सभी 70 सीटों पर हार होगी। जिस तरह से अरविंद केजरीवाल की अगुआई में दिल्ली सरकार ने जिस तरह से शिक्षा-स्वास्थ्य और बिजली-पानी के क्षेत्र में अनुकरणीय काम किया है, उसकी पूरी दुनिया स्टडी करना चाहती है। इसलिए दिल्ली के लोग एक बार फिर अरविंद केजरीवाल पर भरोसा कर आप को ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे और भाजपा की बेइमानी का सफाई करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली में भाजपा और उसकी बेईमानी का भी सफाया होगा। उनकी दिल्ली के लोगों से अपील है कि सभी लोग मिलकर भाजपा का सफाया करें। आम आदमी पार्टी का काम और विकास ही इनका प्रमाण है। आप ने फ्री स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी में ऐसा काम किया है, जो दुनिया भर में उदाहरण बना है और लोग इस मॉडल की स्टडी करके अपने देशों में लागू करना चाहते हैं। अखिलेश ने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाओ को खोना नहीं चाहती है।

कुंभ भगदड़ के लिए प्रशासन दोषी: इकरा हसन

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसी)। पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया कैराना से सपा सांसद इकरा हसन के साथ निजामुद्दीन दरगाह पहुंचे। दोनों नेताओं ने इलाके में घर-घर जाकर आप की नीतियों से अवगत कराते हुए भाजपा पर निशाना साधा। इकरा हसन ने मनीष सिसोदिया की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया है। ऐसे नेता की जरूरत है, जो जनता के हित में काम करे। महाकुंभ में हुई दुर्घटना पर कहा कि वहां की व्यवस्था में खामियां हैं उन्होंने इसके लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। वहीं मनीष ने कहा कि हरियाणा से पानी आ रहा है तो अमोनिया क्यों मिलकर आ रहा है।

वक्फ विधेयक पर संयुक्त समिति ने रिपोर्ट लोक सभा अध्यक्ष को सौंपी

नई दिल्ली, 30 जनवरी (वार्ता)। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने बजट अधिवेशन से ठीक पहले गुरुवार को समिति की रिपोर्ट का मसौदा लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा। बजट अधिवेशन शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से शुरू होगा और दो चरणों में चार अप्रैल तक चलेगा। वक्फ कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक को समीक्षा के लिये भाजपा के लोक सभा सदस्य श्री पाल के अध्यक्षता में गठित समिति को सौंपा गया था। समिति की बैठकें हंगामेदार रही थीं। अधिकतर विपक्षीय दल विधेयक के कई प्रस्ताव पर आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। समिति की रिपोर्ट को बहुमत के आधार पर स्वीकार किया है। सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक को इसी बजट सत्र में बहस और पारित कराने के लिये इसे प्रस्तुत कर सकती है। समिति के सदस्य और भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि यह विधेयक गरीब मुस्लिम महिलाओं, अनाथ बच्चों को अधिकार देगा और वोट बैंक की राजनीति करने वाले दलों की दुकान बंद होगी।

पाइप लाइन दबाने हेतु खोदी गयी सड़क में आये दिन वाहन चालक हो रहे घायल

चरथावल, 30 जनवरी (बु.)। जल निगम द्वारा घरों में जल पहुंचाने के लिए पाइप लाइन दबाने हेतु खोदी गयी सड़क में आये दिन वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। गुरुवार को सड़क के गड्ढे में सामान से भरी ई-रिक्शा पलटने से चालक बाल-बाल बचा।

टूटे रास्तों को लेकर जल निगम विभाग के प्रति लोगों में भारी रोष व्याप्त है। कई माह पूर्व कस्बे में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा योजना शुरू की गयी थी। इस योजना के तहत सड़कों को खोदकर उनमें पाइपलाइन बिछायी जा रही है, ताकि लोगों के घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सके। समय पर सड़क ठीक न किये जाने से पाइप लाइन के लिए खोदे गये गढ्ढे लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। समाजसेवी मतलूब राईन ने बताया कि जल निगम विभाग के ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने हेतु सड़कें खोद कर डाली दी गई है। इन सड़कों पर गिरकर आये दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। गुरुवार को भी राजीव मार्किट में गढ्ढों में गिरकर सामान से भरी ई-रिक्शा पलट गयी, जिसे लोगों ने सीधा कराया। चालक इस हादसे में बाल-बाल बचा। पाइपलाइन डालने के बाद गड्ढों में मात्र मिट्टी डालकर काम चलाया जा रहा है, जिससे आये दिन नागरिक व वाहन चालक सड़क में बने गढ्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। अनेक बार शिकायतों के बाद भी अधिकारियों द्वारा इसका संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। लोगों ने जिलाधिकारी से जांच करवाकर करवाई करने की मांग की है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 (यू0पी0बोर्ड) की इण्टरमीडिएट की मुख्य संस्थागत परीक्षा वर्ष 2014, अनुक्रमांक 0533584 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

असमा परवीन
पुत्री श्री शहजाद
ग्राम–ढासरी,
तहसील–जानसठ, मुजफ्फरनगर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 15213 दिनांक 2/12/2024 में गलती से नाम ह्रदय (HRIDAY) अंकित कराया गया था। जबकि उसका वास्तविक नाम ह्रदय तोमर (HRIDAY TOMAR) है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

देवराज तोमर
119, बीबीपुर, सुरेन्द्र नगर
मुजफ्फरनगर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या-8350, दिनांक 01/08/2022 में नाम शानवी गलत दर्ज है। जबकि सही नाम सानवी सिंघल है। उपरोक्त संशोधन हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

सागर सिंघल
पुत्र सन्दीप सिंघल
निवासी– 77, सुथराशाही, कुन्दनपुरा
मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) 251002

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्रों के नाम क्रमशः लविश त्यागी, जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं0-9432, दिनांक 26/10/2010 तथा तपिश त्यागी, जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं0-10656, दिनांक 16/11/2011 हैं। इनके जन्म प्रमाण पत्र में गलती से माता का नाम पायल त्यागी व पिता का नाम सुधीर त्यागी अंकित करा दिया है। जबकि वास्तविक नाम क्रमशः माता का नाम पायल व पिता का सुधीर है और भविष्य में भी इन्ही नामों से जाने जायेगें, शुद्धिकरण हेतु शपथ पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

सुधीर पुत्र बालिस्टर
म0न0 732/22 इन्दिरा कॉलोनी
मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

एम्बुलेंस चालकों ने किया प्रदर्शन, उत्पीड़न का आरोप

जांच के नाम पर हो रही कार्रवाई को रोके जाने की मांग

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। जिला चिकित्सालय समेत निजी नर्सिंग होमों में मरीजों को लाने ले जाने के कार्यों में जुटी प्राइवेट एम्बुलेंस के चालकों ने अपनी मांगों को लेकर गुरूवार को सीएमओ कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए चिकित्सालय व एआरटीओ विभाग के अफसरों पर उत्पीड़न किए जाने का गंभीर आरोप लगाया। एम्बुलेंस चालकों ने फिटनेस की आड़ में किए जा रहे उत्पीड़न को रोके जाने की मांग करते हुए चालकों को राहत दिलाए जाने की गुहार लगाई। गुरूवार को अपनी मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय पहुंचे एम्बुलेंस चालकों ने राजकुमार व संजीव आदि के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय के साथ एआरटीओ विभाग के

अधिकारियों पर जांच के नाम पर उत्पीड़न किए जाने के गंभीर आरोप लगाए। एम्बुलेंस चालकों ने फिटनेस की आड़ में किए जा रहे उक्त उत्पीड़न को रोके जाने की मांग करते हुए कहा कि अधिकारी नए नए नियमों के नाम पर परेशान कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्राइवेट गाड़ी के रूप में एम्बुलेंस वनटाइम टैक्स देकर अपने नाम कराने के लिए गलत व नियम विरुद्ध तरीके से दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों के बिना किसी कारण दबाव बनाने की नियत से एम्बुलेंस वाहनों की चैकिंग के नाम पर मरीजों के साथ तिमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों ने अधिकारियों से इस मामले में जनहित में राहत दिलाए जाने की मांग करते हुए आदेश पारित कराने की गुहार लगाई। इस दौरान मुख्य रूप से मोहित, आकाश, राजू, राम नरेश, मिन्टू, नसीम, नदीम अहमद, फुरकान, संजीव, पंकज, आकाश, संजय, अमित आदि मौजूद रहे।

महाकुंभ हादसे की न्यायिक जांच में मुजफ्फरनगर में डीएम रहे रिटायर्ड आईएएस डीके सिंह भी शामिल

महाकुंभ दुर्घटना की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने कार्यभार संभाला, एक महीने में जांच पूरी कर सरकार को देनी होगी रिपोर्ट

प्रयागराज, 30 जनवरी (एजेंसी)। प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर हुई भगदड़ की घटना की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने अपना कामकाज शुरू कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने बताया कि आयोग को एक महीने के अंदर जांच रिपोर्ट देनी होगी और वह जल्द ही प्रयागराज का दौरा करेंगे जहां वह घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे और संबंधित अधिकारियों से बातचीत करेंगे। प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर हुई दुर्घटना के कारणों की पड़ताल के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने कामकाज शुरू कर दिया है। आयोग के तीनों सदस्य गुरुवार को लखनऊ के जनपथ स्थित अपने कार्यालय पहुंचे। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार ने बताया, ह्लक्योंकि जांच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना है इसलिए हमने घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास एक महीने का समय है, लेकिन फिर भी हम जांच को तेजी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आयोग के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वह जल्द ही प्रयागराज का दौरा करेंगे। बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डी. के. सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वी के गुप्ता भी शामिल हैं। आयोग को अपने गठन के एक महीने के अंदर मामले की जांच रिपोर्ट देनी होगी। इस सिलसिले में जारी अधिसूचना के मुताबिक, आयोग भगदड़ के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेगा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के सिलसिले में सुझाव भी देगा।

थाना प्रांगण में पुराने वाहनों की कराई गई नीलामी

चरथावल, 30 जनवरी (बु.)। थाना प्रांगण में गुरवार को नायब तहसीलदार सुनील कुमार व थाना प्रभारी जसवीर सिंह द्वारा 15 दोपहिया वाहनों की नीलामी कराई गई। अधिक बोली लगाने वाले बोलीदाता के हक में नीलामी छोड़ी गई। चरथावल थाना प्रांगण में गुरवार को नायब तहसीलदार सुनील कुमार एवं चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह द्वारा थाना प्रांगण में पड़े 15 दोपहिया वाहनों की नीलामी कराई गई। नीलामी प्रकिया में बड़ी संख्या में बोलीदाताओं ने भाग लिया। अधिक बोली लगाने वाले बोलीदाता के हक में नीलामी छोड़ी गई। इस अवसर पर एचएम शैलेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

कॉलेज जा रही प्रेमिका को पेट्रोल डाल जिंदा जलाया

प्रतापगढ़, 30 जनवरी (एजेंसी)। यूपी के प्रतापगढ़ स्थित कोहड़ौर थाना क्षेत्र के लौली पोख्ताखाम गांव में बृहस्पतिवार की सुबह सिरफिरे प्रेमी ने स्कूल पढ़ाने जा रही शिक्षिका को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। इस दौरान वह भी बुरी तरह झुलस गया, उसे लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। प्रेमी की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है। लौली पुख्ता खाम निवासी रज्जन यादव की पुत्री नीलू यादव (25) घर से करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती थी। मृतका की 24 फरवरी को तिलक और दो मार्च को शादी होनी थी। ग्रामीणों के मुताबिक, शुक्रवार को वह स्कूल जाने के लिए अपनी चचेरी बहन मानसी के साथ घर से निकली। स्कूल से पहले ही उसे चंदौका निवासी विकास यादव उर्फ रिंकू (27) ने रोक लिया और बगल में गेहूं के खेत में बात करने के बहाने ले गया। जब तक वह कुछ समझ पाती, विकास ने नीलू के ऊपर पेट्रोल डालकर माचिस जला दी। पल भर में नीलू के शरीर के ऊपर से आग की लपटें उठने लगीं। वह विकास से चिपक गई, जिससे वह भी जलने लगा। खेत से धुआं व चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े।

अयोध्या में रामलला दर्शन को उमड़ी भीड़ ने बनाया नया रिकॉर्ड

सात दिनों में श्री राम मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे 18 लाख श्रद्धालुगण

अयोध्या, 30 जनवरी (एजेंसी)। प्रयागराज में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह अयोध्या की ओर है। श्रद्धालुओं की भीड़ नया कीर्तिमान भी बना रही है। रामलला के दरबार में भक्तों की भीड़ इस कदर उमड़ रही है कि राममंदिर ट्रस्ट को व्यवस्थाएं बदलनी पड़ी। सात दिनों में रामलला के दरबार में 18 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जबकि प्राण प्रतिष्ठा के बाद सात दिनों में 16. 50 लाख श्रद्धालु आए थे। 23 जनवरी से ही अयोध्या में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। इन दिनों रामलला के दरबार में रोजाना ढ़ाई से तीन लाख श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। 26 से 29 जनवरी के बीच रोजाना तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। श्रद्धालुओं में रामलला के दर्शन की ललक को देखते हुए मंदिर सुबह पांच बजे से रात 11 बजे तक निरंतर खुल रहा है। इससे पहले मंदिर सुबह सात बजे से रात 9:30 बजे तक खुलता था। भीड़ की स्थिति यह है कि रामलला को दोपहर में विश्राम भी नहीं कराया जा रहा है। भोग आरती के लिए महज 10 मिनट के लिए मंदिर का पट दोपहर 12:30 बजे बंद किया जाता है। इसके बाद मंदिर लगातार 11 बजे तक खुला रहता है। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि राममंदिर इन दिनों रोजाना 18 घंटे खुल रहा है। भीड़ नियंत्रण के लिए गेट नंबर तीन को भी खोल दिया गया है। अब श्रद्धालुओं की निकासी रामजन्मभूमि पथ के बजाय गेट नंबर तीन से ही हो रही है। एटीएस, सीआरपीएफ, पीएसी, पुलिस के जवान राममंदिर की सुरक्षा में लगे हैं। हाईटेक कंट्रोल रूमें से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। लाउड स्पीकार के माध्यम से श्रद्धालुओं को हर सुविधा की निरंतर जानकारी दी जा रही है। खोया पाया कैंप भी परिसर में स्थापित किया गया है। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि ट्रस्ट के 200 स्वंय सेवक श्रद्धालुओं की सेवा में लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं को पानी भी पिलाया जा रहा है। तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में बीमार श्रद्धालुओं का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। ट्रस्ट की टीम 24 घंटे व्यवस्थाओं की मानीटरिंग कर रही है। तीर्थ क्षेत्र पुरम के दरवाजे भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। जिन श्रद्धालुओं को रहने-खाने की सुविधा नहीं मिल रही है वह तीर्थ क्षेत्र पुरम बागबिजेसी में रूक सकते हैं। वहीं बजरंग दल की ओर से टेढ़ीबाजार पर बृहस्पतिवार को निःशुल्क प्रसाद वितरण भी किया गया।

अयोध्या जाने पर पूरी तरह रोक, हाईवे पुलिस के हवाले, लग रहा लंबा जाम

बाराबंकी, 30 जनवरी (एजेंसी)। अयोध्या में भीड़ को देखते हुए लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर डायवर्जन लगातार तीसरे दिन भी जारी है। बाराबंकी से अयोध्या जाने वाले सभी वाहनों को रोक बहराइच व पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर डायवर्ट किया जा रहा है। लोग पुलिस कर्मियों से बहस करते दिखाई पड़ रहे हैं, मगर उन्हें जाने नहीं दिया जा रहा है। एसपी दिनेश कुमार सिंह बताया कि अयोध्या से मिली सूचना के अनुसार फिलहाल आज पूरा दिन और रात मार्ग परिवर्तित रहने की उम्मीद है। महाकुंभ और अयोध्या में उमड़ रही भारी भीड़ के मद्देनजर बृहस्पतिवार दोपहर बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर तीन घंटे तक सघन चेकिंग अभियान चला। रेलवे पुलिस और एएस चेक टीम ने यात्रियों के सामान की आधुनिक उपकरणों से जांच की और परिसर में मौजूद हर व्यक्ति की तलाशी ली। मेटल डिटेक्टर और अन्य आधुनिक उपकरणों से स्टेशन पर खड़ी बाइकों और वाहनों की भी गहन जांच हुई। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और यात्रियों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इस दौरान यात्रियों ने कुछ असहज महसूस किया मगर टीम के प्रभारी विजय शंकर ने उन्हें सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए भरोसा दिलाया। रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि ट्रेनों की तलाशी भी ली जा रही है। निगरानी बढ़ा दी गई है।प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं।काफी मशक्कत के बाद देर शाम हाईवे को खोला गया था।

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

निम्नस्तरीय राजनीति और चुनाव

आजकल राजनैतिक समाचारों में अच्छी बातें कम ही सामने आ रही हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार चल रहा है और निम्नस्तरीय राजनीति सामने आ रही है। कुंभ मेला दुर्घटना पर सभी दुःखी हैं, लेकिन खेदजनक बात यह भी है कि दुर्घटना पर भी निम्नस्तरीय राजनीति सामने आ रही है। दिल्ली में झूठ और झूठ के साथ दबँगई भी चल रही है। केजरीवाल के घर के सामने स्वाति मालीवाल ने कूड़ा फेंक दिया। केजरीवाल चुनाव आयोग को बजाय जवाब देने के चुनाव आयोग के विरुद्ध ही बोल रहे हैं। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों से जो खबरें या जनता से बातचीत के जो वीडियो सामने आ रहे हैं, उनमें लोग केजरीवाल के विरुद्ध खुलकर बोल रहे हैं। सोशल मीडिया तो केजरीवाल के खिलाफ बहुत भरा हुआ है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में भगदड़ की दुर्घटना घटना के बाद कड़ा रुख अपना लिया है। उन्होंने कई ताबड़तोड़ फैसले लिए हैं। फिर भी महाकुंभ दुर्घटना पर निम्नस्तरीय राजनीति की जा रही है, अहमकाना बयानबाजी चल रही है। योगी लगातार 48 घंटे से कुंभ से जुड़े इस हादसे को लेकर निगरानी कर रहे हैं। देर रात ही उन्होंने पांच तेजतर्रार अफसरों को महाकुंभ मेले में अहम जिम्मेदारी संभालने के लिए भेजा। इनमें 2019 के अर्धकुंभ की जिम्मेदारी संभालने वाले आईएएस अफसर भी शामिल हैं। सीएम योगी के आदेश के साथ 2019 इलाहाबाद कुंभ मेले में डीएम प्रयागराज की जिम्मेदारी संभालने वाले भानूचंद्र गोस्वामी और वहां के तत्कालीन कमिश्नर आशीष गोयल को महाकुंभ नगर भेजा गया। दोनों अधिकारी महाकुंभ मेले में सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रित रखने में मौजूदा अफसरों संग समन्वय करेंगे। महाकुंभ में अगला स्नान बसंत पंचमी को देखते हुए तीन तेजतर्रार पीसीएस अफसरों की तैनाती भी की गई है। सीएम योगी के आदेश के बाद पूरे महाकुंभ क्षेत्र को 4 फरवरी तक नो व्हीकल जोन बना दिया गया है, यानी किसी भी वाहन के प्रवेश की इजाजत नहीं होगी। सिर्फ दूध-पानी और एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं को छूट रहेगी। प्रशासनिक सेवा में लगे अफसरों और महात्माओं के वाहन महाकुंभ में आ जा सकेंगे। सीएम योगी ने सख्त निर्देश में कहा है कि किसी भी सूरत में प्रयागराज जिले की सीमाओं पर मौजूद लोगों को महाकुंभ क्षेत्र में आने से रोका न जाए। उनकी आवाजाही सुनिश्चित की जाए। रेलवे स्टेशनों पर भी स्पेशल ट्रेनों के जरिये उनका आवागमन बिना किसी बाधा के पूरा हो। किसी भी यात्री को परेशान न किया जाए। प्रयागराज शहर के भीतर आम लोगों के ठहराव की व्यवस्था की जाए। मुख्यमन्त्री ने कहा है कि महाकुंभ से सभी का सुरक्षित स्नान करके वापस लौटना हमारी जिम्मेदारी है। दिल्ली में निम्नस्तरीय राजनीति की झलक रोज ही मिल रही है। कल आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल,अपनी ही पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के घर कूड़ा फेंकने चली गयी। इससे पहले मालीवाल लोडिंग ऑटो लेकर विकासपुरी पहुंची। यहां उन्होंने लोगों के साथ सड़क से कचरा उठाया और ऑटो में भरकर केजरीवाल के घर गईं और वहां उन्होंने सारा कचरा सड़क पर फेंक दिया। इस दौरान दिल्ली पुलिस उन्हें बार-बार चेतावनी देती रही कि आप सड़क पर कचरा नहीं फेंकें, वरना कार्रवाई की जाएगी। मालीवाल नहीं मानी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। स्वाति मालीवाल ने कहा कि पूरा शहर कूड़ेदान में बदल गया है। मैं केजरीवाल से बात करने आई हूं। मैं उनसे कहूंगी सुधर जाओ, नहीं तो जनता सुधार देगी। मैं न तो उनके गुंडों से डरती हूं और न ही उनकी पुलिस से। स्वाति मालीवाल इससे पहले भी बोतल में काला पानी लेकर केजरीवाल के घर पहुंची मालीवाल ने कहा था यह वही काला पानी है, जो दिल्ली की जनता पी रही है। अरविंद केजरीवाल को कोई शर्म नहीं है। उन्होंने कहा था क्या दिल्ली में रहने वाले ये दूषित पानी पिएंगे। ये दिल्ली सरकार की नल से कोका-कोला की स्कीम है। स्वाति मालीवाल का आम आदमी पार्टी से विवाद पिछले साल मई में सामने आया था। दरअसल 13 मई को स्वाति मालीवाल उस समय सीएम रहे केजरीवाल से मुलाकात करने पहुंची थीं। सीएम आवास में उनकी पीए बिभव कुमार से बहस हुई। बाहर आकर उन्होंने आरोप लगाया कि बिभव ने उनके साथ मारपीट की। जांच के बाद 18 मई को बिभव को गिरफ्तार कर लिया गया था। दूसरी तरफ यमुना के पानी को लेकर केजरीवाल और चुनाव आयोग के बीच कल जमकर बयानबाजी हुई। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी और 5 सवाल किए। इससे पहले प्रधानमन्त्री ने भी अपनी रैली में केजरीवाल को उनके बयान पर जमकर लताड़ लगायी थी। उन्होंने कहा था कि आपदा वालों की लुटिया यमुना ही में डूबेगी। चुनाव आयोग ने केजरीवाल से पूछा कि यमुना के पानी में किस जगह जहर मिला, सबूत दें। अमोनिया के बढ़ते लेवल के मुद्दे को जहर आदि के आरोपों से मिलाए बिना 31 जनवरी सुबह 11 बजे तक जवाब दें, वर्ना कार्रवाई की जाएगी। इस पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में खुलेआम पैसे और चादरें बांटी जा रही हैं। चुनाव आयोग इस पर कार्रवाई नहीं करता। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा राजीव कुमार ने चुनाव आयोग का कबाड़ा कर दिया। उन्होंने जैसी भाषा आज लिखी है ये चुनाव आयोग का काम नहीं है। उन्हें इतिहास माफ नहीं करेगा। यदि राजीव कुमार को राजनीति करनी है, तो वे दिल्ली की किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ लें। केजरीवाल के इस बयान पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री शब्द को कलंकित कर दिया है। अरविंद केजरीवाल भरोसे लायक नहीं है। अरविंद केजरीवाल झूठ का मसीहा है। खट्टर ने कहा कि हरियाणा पानी में जहर मिलाकर दिल्ली भेज रहा है, केजरीवाल के इस झूठ से काफी दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि शिशुपाल से बढ़कर भी अरविंद केजरीवाल है, वो 100 से ज्यादा झूठ पार कर चुके हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस पर कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा से पानी में जहर मिलाया जा रहा है। वह एक प्रदेश को दूसरे प्रदेश से लड़ाने का काम कर रहे हैं। ये राष्ट्र विरोधी काम है कि नहीं? जनता में डर पैदा करने वाले लोगों को राजनीति से छुट्टी करने का दिन 5 फरवरी है।

चार मोती

सुनील उत्सव

"गम" "वक्त" "उम्मीद" "दिल"

गम का रंग है काला-काला खुशियों के हैं रंग हजार,
जीवन को रंगीन बनाले खुशियों ही में वक्त गुजार।
हल्के उथले लोगों से तू अच्छे की उम्मीद न रख,
दिल को दुखाते हैं जो प्यारे,उनका तय है बंटाधार

पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान की ताई जी की शोक सभा में सैकड़ों ने दी श्रद्धांजलि

शाहपुर, 30 जनवरी (बु.)। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान की ताई व जिला पंचायत सदस्य व मंसूरपुर गन्ना समिति के चेयरमैन की माता की शोक सभा में जनप्रतिनिधियों के अलावा राजनीतिक, सामाजिक व किसान संगठनों के लोगों ने पहुंच अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान की ताई व जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र बालियान, मंसूरपुर गन्ना समिति के अध्यक्ष अरुण बालियान की माता श्री अजबो देवी का 24 जनवरी को गांव कुटबी में निज निवास पर निधन हो गया था। बृहस्पतिवार को आयोजित शोक सभा आयोजित की गई। शोकसभा से पूर्व आयोजित यज्ञ के ब्रह्मा राजेश्वर आर्य व यजमान विश्वेन्द्र बालियान रहे। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार व कपिल देव अग्रवाल, रालोद विधायक व रालोद विधानमंडल दल के नेता राजपाल बालियान, सांसद भोला सिंह, पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, युवा भाकियू नेता चौधरी गौरव टिकैत, दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, सरदार सुख दर्शनसिंह बेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, मणिकांत मित्तल, ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी, नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, समाज सेवी विकास बालियान, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी सहित जनपद व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के अलावा राजनैतिक व सामाजिक लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

गाली-गलौच के बाद युवक पर जान से मारने की फायरिंग

भोपा, 30 जनवरी (बु.)। गांव रहकड़ा में युवक के साथ गाली-गलौच करते हुए आरोपी ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग की तथा छुड़ाने आने परिजनों के साथ भी गाली-गलौच की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकड़ा निवासी सुभाष ने दी तहरीर में बताया कि हमारे गांव में गोलू हाल ही बाहर से आकर रहने लगा है। गुरुवार सुबह दस बजे उसका बेटा मानू आ रहा था कि तभी रास्ते में आरोपी ने उसको आवाज लगायी, जिसे उसके बेटे ने अनसुना कर दिया, जिसके बाद आरोपी ने बेटे के साथ गाली-गलौच करते हुए लात-घूंसों से मारा-पीटा और बेटे को जान मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया, जो मिस हो गया। शोर-शराबे को सुनकर उसकी लड़की राखी व छोटा लड़का राजा बेटे की सहायता के लिए आए, तो आरोपी ने उनके साथ भी गाली-गलौच करते हुए धमकी दी कि उसके बेटे को तो मैं शाम तक गोली मार दूंगा। गांव के लोगों ने पहुंचकर उनकी जान बचाई। पीड़ित को बच्चों की जान-माल का खतरा बना है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार मौके पर पहुंचे तथा घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस ने गोलू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

होलिका दहन की भूमि को लेकर हिन्दू संगठनों का प्रदर्शन

- पुलिस व प्रशासन पर अवैध कब्जा कराने का आरोप - कल कब्जा कराने गई टीम का महिलाओं ने किया था विरोध

छपार, 30 जनवरी (बु.)। पुलिस प्रशासन द्वारा बढ़ीवाला गांव में होलिका दहन की भूमि में रास्ता निर्माण को लेकर हिन्दू संगठनों ने धरना-प्रदर्शन किया। छपार थाना क्षेत्र के बढ़ीवाला गांव में बुधवार में होलिका दहन की भूमि पर कल नायब तहसीलदार प्रीति सिंह व छपार थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा पुलिसबल के साथ जेसीबी ले जाकर ग्रामीणों द्वारा होली स्थल पर बनवाई गई दीवार को तोड़कर रास्ता बना दिया गया। ग्रामीणों का आरोप था कि उक्त भूमि होलिका दहन की है, लेकिन प्रशासन हठधर्मिता दिखा रहा है। इस दौरान नायब तहसीलदार व छपार पुलिस को महिलाओं का विरोध झेलना पड़ा था। गांव की महिलाओं ने छपार पुलिस व नायब तहसीलदार को दीवार तोड़ने पर विरोध कर दौड़ा दिया गया था। उक्त मामले में ग्रामीणों द्वारा रास्ता बंद कर हिन्दू संगठनों को जानकारी दी गई। आरोप लगाया गया कि तहसील प्रशासन व छपार पुलिस भूमाफियाओं से सांठगांठ कर होलिका दहन की भूमि पर नाजायज रूप से रास्ता बना रही है, जिसके विरोध में गुरुवार को हिन्दू संगठन के लोगों ने बढ़ीवाला गांव पहुंच प्रशासन के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया तथा जमकर नारेबाजी की। हिन्दू संघर्ष समिति के जिला संयोजक नरेन्द्र पंवार ने आरोप लगाया कि सौ वर्षों से यहां होलिका दहन हो रहा है, लेकिन पुलिस व प्रशासन जबरन रास्ता खुलवा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने वाली महिलाओं को पुलिस ने पीटा तथा दुर्व्यवहार किया। मामले की जानकारी डीएम उमेश मिश्रा को दी गई। डीएम के आदेश पर एडीएम एफ गजेन्द्र सिंह ने बढ़ीवाला गांव पहुंच उक्त विवादित स्थल का निरीक्षण किया। मामले में स्वामी यशवीर महाराज ने प्रशासन को होली स्थल पर नाजायज कब्जा कराने को लेकर चेताया गया है। यशवीर महाराज ने कहा कि डीएम मुजफ्फरनगर इस पर संज्ञान लेकर होली स्थल को बचाएं। महाराज ने छपार पुलिस द्वारा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार को लेकर भी नाराजगी जताई है।

शाहपुर में दो पैथोलॉजी लैब पर छापा

शाहपुर, 30 जनवरी (बु.)। कस्बे में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो पैथोलॉजी लैब पर मौजूद व्यक्ति के पंजीकरण उपलब्ध न कराने पर उन्हें नोटिस दिए गए। कस्बे में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने केंद्र प्रभारी डॉ. ओपी जायसवाल के नेतृत्व में गैर पंजीकृत पैथोलॉजी लैब संचालकों के विरुद्ध अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत टीम मेन रोड स्थित हिंद पैथोलॉजी लैब पर पहुंची। टीम ने वहां मौजूद व्यक्ति से लैब के पंजीकरण आदि कागजात दिखाने को कहा, तो वहां मौजूद व्यक्ति कोई कागजात नहीं दिखा सका। इसके अलावा टीम ने बसी रोड स्थित रॉयल पैथोलॉजी लैब पर भी पहुंचकर पंजीकरण आदि कागजात चेक किए, किंतु वह भी कोई कागजात नहीं दिखा सका, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों पैथोलॉजी लैब पर मौजूद व्यक्तियों को तीन दिवस के अंदर पंजीकरण सहित अन्य कागजात दिखाने का नोटिस दिया। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्यवाही से अन्य पैथोलॉजी लैब संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

शराब की दुकान व दो कैंटीनों में कुंबल कर हजारों का सामान चोरी

रामराज, 30 जनवरी (बु.)। रामराज थानाक्षेत्र के गांव देवल में अज्ञात चोरों ने अंग्रेजी शराब की दुकान व कैंटीनों में कुंबल कर हजारों का सामान चोरी कर सनसनी फैला दी। रामराज पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। रामराज थानाक्षेत्र के गांव देवल पर गंग नहर के पास ही सुखजिंदर पुत्र बलविंदर की अंग्रेजी शराब व विष्णु की देशी शराब की दुकान की कैंटीन है। बुधवार को देर शाम को सभी अपनी दुकान बन्द कर अपने घर चले गए थे। देर रात्रि में अज्ञात चोरों ने अंग्रेजी शराब की दुकान के शटर का कुंदा तथा ताला तोड़कर दुकान के अंदर रखी करीब 75 हजार रुपयों की शराब चोरी कर ली और उसी दुकान के समीप बने देशी शराब के कैंटीन के शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर से गैस सिलेंडर, अंडों की दो ट्रे व अन्य सामान चोरी कर लिया और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चोरी कर ले गए। वहीं मुख्य मार्ग पर गांव निजामपुर निवासी विनीत की चाय की दुकान में अज्ञात चोरों ने दुकान में पीछे से दीवार में कुंबल कर दुकान के अंदर रखा हजारों का सामान चोरी कर लिया। सुबह होने पर सभी को चोरी की जानकारी लगी। चोरी की सूचना पर सुबह रामराज पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल कर आसपास मुख्य मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। एसओ रामराज सुनील कसाना का कहना है कि मामले में कोई तहरीर नहीं आई है तथा घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

ट्यूशन पढ़ने आए छात्र संग दबंगों ने की मारपीट

- सोशल मीडिया पर हुआ वीडियो वायरल

बुढ़ाना, 30 जनवरी (बु.)। ट्यूशन पढ़ने आए एक छात्र के साथ कुछ दबंग युवकों ने बेखौफ होकर फिल्मी स्टाइल में बेल्टों और लात घूंसों से जमकर पिटाई की। इस मारपीट का वीडियो किसी राह चलते व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, तो पुलिस हरकत में आई और सभी आरोपियों की तलाश में लग गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र का एक किशोर छात्र बुढ़ाना कस्बे में किसी कोचिंग सेंटर पर पढ़ने के बाद अपने घर लौट रहा था, तब उसको बुढ़ाना कस्बे के योगपुरा रोड पर कुछ दबंग युवकों ने घेर लिया और अकारण ही उसकी बेल्टों और लात-घूंसों से जबरदस्त पिटाई कर दी। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी, लेकिन किसी ने दबंगों के चंगुल से छात्र को छुड़ाने की कोशिश नहीं की बल्कि वीडियो बनाते रहे। भीड़ को अपनी ओर आया देखकर दबंग नौ-दो-ग्यारह हो गये। उधर किसी ने इस घटना की वीडियो चुपचाप तरीके से बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बुढ़ाना पुलिस भी उच्च अधिकारियों के निर्देश पर हरकत में आ गयी और उन्होंने वीडियो में छात्र को बड़ी बेरहमी से पीटने वाले दबंगों को वीडियो के आधार पर चिन्हित करना शुरू कर दिया। मारपीट का कारण पता नहीं लग सका।

ईओ ने अतिक्रमण करने वालों को दी चेतावनी

बुढ़ाना, 30 जनवरी (बु.)। नगर में सड़कों व नालियों पर अतिक्रमण करने वालों पर अब नगर पंचायत बुढ़ाना का चाबुक चलने वाला है। बीती बुधवार की देर रात नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने फिलहाल अवैध कब्जा करने वालों को एनाउंसमेंट के जरिए कार्रवाई और जुर्माने की चेतावनी दी है। उन्होंने अतिक्रमण करने वाले सभी दुकानदारों को अल्टीमेटम दिया है कि वे आजकल में ही नगर पंचायत की जमीन, सड़क, और नाली पर से अवैध कब्जा व छप्पर, टीन शेड आदि हटा लें नहीं, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने दुकानदारों से पॉलीथीन का प्रयोग ना करने की भी अपील की और कहा कि हमें और आप सभी को मिलकर ही नगर बुढ़ाना को पूरा पॉलीथीन मुक्त करना है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि मकान का मलबा सड़क पर ना डालें। 75 माइक्रॉन से नीचे सभी प्रकार के सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथीन तथा थर्माकोल से बने बर्तन चम्मच, कटोरी, गिलास और प्लेट आदि का प्रयोग भी ना किया जाये। कुल मिलाकर इस चेतावनी का असर हठ्ठी दुकानदारों पर कितना होगा, यह तो पता नहीं है, लेकिन फिर भी चेतावनी को सुनने के बाद भी काफी दुकानदार अभी भी बेखौफ होकर नालों और सड़कों पर खूब अतिक्रमण किए हुए हैं।

दो मिनट का मौन रख शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

- जिला पंचायत सभागार के साथ सभी विभागों ने रखा मौन

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। जिला पंचायत सभागार में गुरूवार को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद दिवस के अवसर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले इन शहीदों की स्मृति में आज जनपद मुजफ्फरनगर के सभी शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी कार्यालय में दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी-कर्मियों एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ, राजीव कुमार समेत डीएम कार्यालय पर मौजूद रहे नागरिकों ने जिला पंचायत सभागार में उपस्थित होकर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया गया।

आईआईए से जुड़ी प्रदेश सरकार, उद्यमियों को मिलेगी ऐतिहासिक सहूलियत

- आईआई चेयरमैन पवन कुमार गोयल ने कहा कि उद्यमियों के लिए सुनहरा मौका, स्टॉल शुल्क में सरकार देगी भारी छूट

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बुस.)। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 19 से 21 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले बिल्ड भारत एक्सपो-2025 को लेकर बड़ा ऐलान किया है। इस मेगा इवेंट में भाग लेने वाले उद्यमियों को प्रदेश एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत 60% से 100% तक की स्टॉल शुल्क में छूट मिलेगी, जिससे एमएसएमई और छोटे उद्योगों को जबरदस्त लाभ मिलेगा। इस संबंध में आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें चैप्टर चेयरमैन पवन कुमार गोयल ने कहा कि "अब भारतीय उद्योगों को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। बिल्ड भारत एक्सपो-2025 सिर्फ एक औद्योगिक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का एक मजबूत मंच होगा। यह अवसर उद्यमियों के लिए नए व्यापारिक गठजोड़ बनाने, अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने और सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाने का सुनहरा मौका देगा।" चैप्टर चेयरमैन पवन गोयल ने बताया कि "पहली बार ऐसा होगा कि 25 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल, 15,000 से अधिक बिजनेस विजिटर्स और भारतीय एमएसएमई एक ही छत के नीचे होंगे। सोचिए, कितना बड़ा प्रभाव पड़ेगा, जो उद्यमी अब भी सोच रहे हैं, वे इस अवसर को हाथ से न जाने दें। सरकार की योजनाओं के तहत स्टॉल बुकिंग पर 100% तक की सब्सिडी संभव है। यानी आपके लिए एक्सपो में भाग लेना लगभग मुफ्त हो सकता है!" चैप्टर सचिव अमित जैन नें कहा कि ओडीओपी एवं एमडीए योजना के तहत 75% और 60% तक सब्सिडी मिलेगी, जबकि एमएसएमई मंत्रालय 80% से 100% तक शुल्क माफ करेगा। पूर्व चेयरमैन विपुल भटनागर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार का अवसर मिलेगा जापान, रूस, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, थाईलैंड और मलेशिया सहित 25 से अधिक देशों के व्यापार प्रतिनिधिमंडल इसमें प्रतिभाग करेंगे। पूर्व चेयरमैन कुशपुरी ने कहा कि शानदार नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म इस एक्सपो में 15,000 से अधिक बिजनेस विजिटर्स, नीति निर्माता और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल होंगे, जिससे व्यापार और निवेश के नए द्वार खुलेंगे। पूर्व राष्ट्रीय महासचिव अश्वनी खंडेलवाल ने जानकारी दी कि औद्योगिक क्षेत्र में बड़ा योगदान ग्रीन एनर्जी, खाद्य प्रसंस्करण, भवन निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सहित 340 से अधिक स्टॉल्स लगाई जा रही हैं, जो भारत की औद्योगिक उत्कृष्टता को दर्शायेगी। चैप्टर जॉइंट सेक्रेटरी अमन गुप्ता ने जानकारी दी की स्टॉल बुकिंग तेजी से हो रही है, अब तक 50% से अधिक स्टॉल्स बुक हो चुकी हैं, बाकी स्टॉल्स जल्द ही फुल होने की संभावना है। इस बैठक में चैप्टर चेयरमैन पवन कुमार गोयल, सचिव अमित जैन, पूर्व चेयरमैन नीरज केडिया, विपुल भटनागर, कुशपुरी, अश्वनी खंडेलवाल, संयुक्त सचिव अमन गुप्ता, और पीआरओ राज शाह आदि उपस्थित रहे।

नो हेलमेट नो पेट्रोल का आदेश हुआ हवा-हवाई

बुढ़ाना, 30 जनवरी (बु.)। नो हेलमेट नो पेट्रोल का आदेश बुढ़ाना क्षेत्र में हवा हवाई साबित हो रहा है। बिना हेलमेट के पेट्रोल खूब बिक रहा है, जबकि पेट्रोल पम्पों पर बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा का नोटिस भी लगा है, लेकिन आदेश हवा में उड़ाए जा रहे हैं। क्या ये आदेश सिर्फ कागजों तक ही सिमटा है या फिर प्रशासन सख्ती दिखाएगा, इसका क्षेत्र के लोगों को इंतजार है। फिलहाल तो बुढ़ाना में यह फार्मूला नहीं चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान को लेकर पेट्रोल पंपों पर ही जागरूकता नहीं है। अधिकारियों ने भी किसी पेट्रोल पंप पर जाकर इस शर्त को लागू कराने की तरफ ध्यान नहीं दिया है। गांव के पेट्रोल पंपों पर बगैर हेलमेट पहने वाहन चालक पेट्रोल लेने की लाइन में लगे दिखे। कुछ पेट्रोल पंप पर जागरूकता संबंधी पोस्टर दिखाई देते हैं, लेकिन ये भी सिर्फ दिखावा साबित हो रहे हैं। डीएम ने 26 जनवरी से जिले में नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान शुरू करने के निर्देश दिए थे, ताकि सड़क हादसों में होती मौतों को कम किया जा सके। पेट्रोल पंप को भी निर्देश दिए गए थे कि बगैर हेलमेट आने वाले दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाए। अभियान को सफल बनाने के लिए सीसीटीवी से निगरानी करने और जागरुकता के पोस्टर लगाए जाने के निर्देश दिए हैं।

एसएसपी ने पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं का किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। बृहस्पतिवार को एसएसपी अभिषेक सिंह ने पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। गुरुवार को डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कार्यालय पर स्थित आगंतुक कक्ष का निरीक्षण करते हुए प्रतिदिन आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली। उसके बाद उन्होंने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, आईजीआरएस कार्यालय, जन शिकायत प्रकोष्ठ, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, पेशी कार्यालय, रिकॉर्ड रुम, पत्रावली शाखा, डीसीआरबी शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ शाखा, रिट सेल, मानवाधिकार शाखा, पासपोर्ट शाखा, साइबर हेल्प सेन्टर, स्थानीय अभिसूचना इकाई कार्यालय आदि शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाखाओं में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों से वार्ता कर उनके कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान शाखाओं के अभिलेखों के रख-रखाव को चेक किया गया तथा साफ-सफाई रखने तथा राजकीय कार्य समय से सम्पादित करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम प्रशांत कुमार प्रसाद, सीओ मंडी रुपाली राय चौधरी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के विद्यार्थियों को हिन्दी विकास संस्थान द्वारा सम्मान

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बुस.)। एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में 14 अगस्त 2024 को हिन्दी विकास संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड का आयोजन किया गया था, जिसमें कक्षा 1 से लेकर कक्षा 4 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय स्तर पर 22 विद्यार्थियों ने कांस्य पदक, 20 विद्यार्थियों ने रजत पदक एवं 7 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किये। कक्षा चतुर्थ-ई के छात्र अद्विक मलिक एवं कक्षा तृतीय-ए की छात्रा गार्गी भारद्वाज को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार छात्रों को 29 जनवरी 2025 को दिल्ली में पीएम संग्रहालय में हिन्दी विकास संस्थान द्वारा प्रदान किया गया। इंचार्ज डॉ. रचना जैन एवं शिक्षिका मिली मित्तल ने छात्रों के साथ दिल्ली में यह पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय की डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी नित नई सफलताओं से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का मान बढ़ा रहे हैं। इंचार्ज डॉ. रचना जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्राप्त यह सम्मान विद्यालय एवं विद्यार्थियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। मैं कामना करती हूं कि आगे भी हमारे विद्यार्थी इसी तरह विद्यालय का नाम देश-विदेश में गौरवान्वित करते रहेंगे।

चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दी गयी राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बुस.)। बृहस्पतिवार को नगर के चिल्ड्रन एकेड्मी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय की उप प्रधानाचार्या साम्या निगम ने भारत की आजादी के आंदोलन के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की व राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के बारे में बच्चो को बताते हुए कहा कि 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को संबोधित कर गांधी के सत्य और अहिंसा के मार्ग को अपनाते हुए अपना जीवन देश सेवा के लिए समर्पित करने की प्रेरणा के लिए जागृत किया। 30 जनवरी 1948 को देश के इतिहास में एक काले दिन के तौर पर दर्ज है। इसी दिन दिल्ली के बिड़ला हाउस परिसर में नाथूराम गोडसे ने प्रार्थना के लिए जाते हुए गोली मारकर महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। उस समय उनके मुख से हे राम ही निकला था। उन्होंने देशवासियों को देशभक्ति व अहिंसा का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर बच्चों व समस्त स्टाफ ने मौन रख कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

फोरेंसिक टीम ने की बादल मुठभेड़ की जांच

बुढ़ाना, 30 जनवरी (बु.)। गांव जौला के जंगल में बीते वर्ष बुढ़ाना पुलिस द्वारा रात के अंधेरे में घेरे गये 25 हजार रुपये के ईनामी बदमाश अजयवीर उर्फ बादल के साथ हुई मुठभेड़ का पूरा सीन आज बृहस्पतिवार के दिन गाजियाबाद जनपद से आई फोरेंसिक टीम द्वारा रिक्रिएट किया गया। इस मुठभेड़ में बदमाश बादल मारा गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक इनामी बदमाश बुढाना कोतवाली क्षेत्र में शायद किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने की कोशिश में लगा है, तब बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र ने अपनी पूरी टीम के साथ बड़ी मशक्कत के बाद बदमाश अजयवीर उर्फ बादल ढाका को घेर लिया था। पुलिस इस बदमाश को जिंदा पकड़ना चाहती थी, लेकिन बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जब गोलियां दागनी शुरू की गयी, तो सभी संसाधनों से लैस पुलिस ने मौका पाकर बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया था। कुछ इसी तरह से सीन को रि-क्रियेट कर जिला गाजियाबाद से बुढ़ाना पहुंची फोरेंसिक टीम ने करीब 52 दिन पूर्व हुई बदमाश बादल से हुई मुठभेड़ की जांच की। फोरेंसिक टीम ने बदमाश बादल के मुठभेड़ में मारे जाने की घटना का रीक्रियेशन किया। इस दौरान एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाल आनंद देव मिश्र व मुठभेड़ में शामिल रही पूरी टीम मौजूद रही।

एलन मस्क नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसी)। इलेक्ट्रिक वाहन की दिग्गज कंपनी टेल्सा के सीईओ, अरबपति कारोबारी और संयुक्त राज्य अमेरिका के सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। यूरोपीय संसद के स्लोवेनियाई सदस्य ब्रांको ग्रिम्स ने पुष्टि की है कि 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए एलन मस्क के नामांकन के लिए एक याचिका नॉर्वेजियन नोबेल समिति को पेश की गई है। ग्रिम्स ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि यह नामांकन अभिव्यक्ति का स्वतंत्रता (फ्री स्पीच) और मानवाधिकारों की रक्षा में उनके योगदान के लिए दिया गया है। मस्क टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ हैं। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक भी हैं। एक्स का अधिग्रहण करते समय, मस्क ने कहा था कि वह ऐसा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए कर रहे हैं। उन्होंने उस समय फ्री स्पीच का अपना मतलब समझाया था। एलन मस्क ने कहा, मैं ऐसी सेंसरशिप के खिलाफ हूं जो कानून से मेल नहीं खाती है।

अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी एण्ड वोकेशनल स्टडीज, मुजफ्फरनगर में भारत रत्न एव पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य अटलजी के जीवन, विचारधारा, राष्ट्रभक्ति और उनके प्रेरणादायक नेतृत्व को स्मरण करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार ने की। संगोष्ठी में वक्ताओं ने अटलजी के राजनीतिक योगदान, उनकी ओजस्वी वाणी और उनकी काव्य प्रतिभा पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने बताया कि कैसे अटलजी ने अपने दृढ़ निश्चय, उदार विचारधारा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण के माध्यम से देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने अटलजी की कविताओं का पाठ किया और उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। संगोष्ठी के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अटलजी के विचारों और उनके नेतृत्व पर चर्चा की। कॉलेज प्रबंधन ने इस अवसर पर कहा कि अटल जी के विचार सदैव युवाओं को प्रेरित करते रहेंगे और उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के सभी पदाधिकारीगण डॉ. वैशाली, डॉ. भुवानेन्द्र सिंह, हरेन्द्र सिंह, राबिया, रवि कुमार, मिनाता, संजीव रतन तिवारी, सलमान, समी, पीयुष, महिमा, अनुराग कुमार, मौ0 जुबैर, ललिन, नसीम, मुब्बासिर, प्रभा,आस्था शर्मा, स्मृति, आस्था, सुबोध कुमार, सोून सिंह, राहुल कुमार, सना जैदी, अलिश, उत्सव गर्ग, अमन, अश्वनी, अक्षय वर्मा, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

महाकुंभ मेले की टेंट सिटी में आग, 15 टेंट हुए राख

प्रयागराज, 30 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ मेले में एक बार फिर भयानक आग की घटना सामने आई है। यहां गुरुवार को मेले के बाहरी क्षेत्र में बनाई गई टेंट सिटी में भीषण आग लग गई। झूंसी छतनाग घाट के नागेश्वर घाट सेक्टर 22 के पास आग लगने की सूचना मिली है। करीब 15 टेंट जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर जैसे-तैसे काबू पाया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। फिलहाल आग लगने का कारण नहीं पता चल पाया है। महाकुंभ के सेक्टर 22 छतनाग झूंसी में बने टेंट सिटी में बृहस्पतिवार को आग लग गई। आग लगने नके कारणों का पता नहीं चल सका है। जब तक लोग कुछ समझ पाते आगे ने विकराल रूप धारण कर लिया। टेंट सिटी के दर्जन भर से अधिक टेंट जलकर खाक हो गए। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। सूचना पाकर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इसी तरह मेले में अरैल स्थित मेला क्षेत्र के सेक्टर नंबर 25 में डोम सिटी में भी बृहस्पतिवार को दिन में साढ़े चार बजे के करीब आग लग गई। सूचना मिलने पर कई दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर 25 स्थित अरैल के डोम सिटी में बृहस्पतिवार को आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मची रही। सूचना पाकर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

बोर्ड बैठक में 78 करोड़ रुपये के 76 प्रस्ताव पास, 1 निरस्त से सम्बंधित खबरें

शहीद दिवस, महाकुंभ, बड़ौत हादसे के मृतकों पर रखा मौन

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। नगरपालिका बोर्ड बैठक में वार्ड सभासद शौकत अंसारी ने प्रस्ताव रखा कि पालिका बोर्ड के कई सदस्यों के परिवारजनों का विगत दिनों दुःखद मृत्यु होने के साथ ही बड़ौत में जैन समाज के धार्मिक कार्यक्रम व महाकुंभ में भगदड़ में काफी संख्या में तीर्थ यात्रियों की दुःखद मौत हुई है, जो बहुत शोक का विषय है। इसके साथ ही आज पूरा देश शहीद दिवस मना रहा है। इसमें पूरे सदन ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए हादसों में मारे गये लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के साथ ही देश के अमर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान की दादी के निधन पर दो मिनट का मौन रखते हुए मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

शिकायतकर्ता ठेकेदारों के विरुद्ध दिखाई दिया आक्रोश

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। पालिका की बोर्ड बैठक में ठेकेदारों द्वारा की शिकायतों के बाद डीएम के दखल से निरस्त टैंडरों को लेकर सदन में विरोध के साथ कई सभासद भावुक हो गये। सदन में सभासदों ने कहा कि करीब सात-आठ माह से पालिका द्वारा लोगों को अपनी सड़क बनने का इंतजार है, लेकिन टैंडर बार-बार निरस्त हो रहे हैं। एक ठेकेदार की झूठी शिकायत पर इस बार भी टैंडर निरस्त हो जाने के साथ विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सभासद राजीव शर्मा ने सदन में उक्त शिकायतकर्ता अभिमन्यु चौहान द्वारा अपने पंजीकरण में लगाए अनुभव प्रमाण पत्र को फर्जी बताते हुए उसे मिले टैण्डरों की जांच कराने और जांच होने तक ठेकेदार की ईओ के नाम बंधक एफडी को जब्त रखने की मांग की। उनकी मांग का समर्थन करते हुए सभासद अन्नु कुरैशी, योगेश मित्तल, मनोज वर्मा, मौ. खालिद आदि ने कहा कि इसमें पूरा पालिका का फर्जीवाड़ा किया गया है। यदि ये साबित होता है तो ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाये। इसके साथ मांग की गई कि निर्माण विभाग सहित पालिका के सभी विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों के प्रपत्रों की जांच कराने और पांच व पांच वर्ष से कम अनुभव वाले ठेकेदारों को पांच लाख रुपये तक के कार्यों में निविदा डालने का अधिकार मिले।

एमआईटूसी कंपनी के दिन पूरे, सेवा विस्तार से इंकार

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। नगर क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन बनाने को शुरू कवायदों को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य में जुटी दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी विवादित होने व सभासदों की नाराजगी के चलते सदन में फिर सेवा विस्तार कराने में विफल साबित हुई है। उक्त कंपनी मार्च तक ही कार्य करेगी, इससे पहले पालिका इस कार्य के लिए नई कंपनी की तलाश में जुट गई है। इसके लिए जल्द ही निविदा आमंत्रित करने के लिए बोर्ड ने अपनी सहमति व्यक्त कर दी है। सदन में सभासद अन्नू कुरैशी, योगेश मित्तल, नौशाद खां, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, बबीता वर्मा आदि 40 से अधिक वार्ड सभासदों ने कंपनी पर अनेक आरोप लगाने और शहरी क्षेत्र से यूजर चार्ज के रूप में प्रतिमाह मोटा भुगतान पाने के बाद भी पालिका को जमा नहीं कराकर भ्रष्टाचार करने, कर्मचारियों का वेतन और पीएफ नहीं देने के आरोपों के साथ ही कंपनी की जमानत राशि को जब्त करने और दस माह में वसूले यूजर चार्ज की जांच कराने की मांग करते हुए कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने व अनियमितताओं में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने सदन को बताया कि पूर्व में कंपनी पर लगे आरोपों की जांच के लिए जेई जलकल जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कमेटी गठित की थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट नगर स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपी थी। इसमें शिकायतों और अनुबंध की शर्तें पूर्ण नहीं किये जाने में कंपनी को दोषी ठहराया गया है। कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करने व अनुबंध समाप्त करने की संस्तुति के साथ रिपोर्ट चेयरपर्सन को प्रेषित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि चेयरपर्सन ने कूड़ा कलेक्शन के लिए कंपनी को सेवा विस्तार देने से इंकार किया है, इसी क्रम में पालिका द्वारा कंपनी से अनुबंध समाप्त होने से पहले ही नई कंपनी की तलाश के लिए टैंडर आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक साल के लिए कंपनी को पालिका 11 करोड़ 04 लाख रुपये के भुगतान पर कार्य करने के लिए आमंत्रित कर रहा है।

आईजीएल के गड्ढों को लेकर बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा

मुजफ्फरनगर। नगरपालिका बोर्ड बैठक में सभासदों ने जनहित में शहरी क्षेत्र में आवारा कुत्तों और बंदरों के आतंक का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। अमित पटपटिया ने कहा कि कोई बड़ा हादसा होने पर ही पालिका की आंख खुलेगी। आए दिन क्षेत्र में बंदरों व कुत्तों के हमलों से लोगों का बुरा हाल है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने एनएसए डॉ. अतुल को सदन में तलब किया तो उन्होंने बताया कि बंदर पकड़ने का अभियान चलाया था, लेकिन बीच में ठेकेदार ने काम को रोक दिया। 500 बंदर पकड़े जाने का अनुबंध था, लेकिन करीब 250 बंदर ही पकड़कर छोड़े गये और टीम बिना सूचना के वापस लौट गई। वहीं कुत्तों को पकड़कर अभी नसबंदी कराने के संसाधन पालिका के पास नहीं है। उन्हें बंदर पकड़ने वाली फर्म पर अनुबंध पूर्ण नहीं करने को लेकर कार्रवाई करने और कुत्तों की समस्या का समाधान तलाशने के निर्देश दिए गए। वहीं सभासद रजत धीमान ने आईजीएल पाइप लाइन बिछाने के गड्ढों को नहीं भरने तो प्रशांत गौतम ने बालाजी रोड पर देर रात्रि सड़क में गड्ढे करने की जांच की मांग की तो ईओ ने ऐसे निर्माण का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जांच करने व आईजीएल द्वारा अनुबंध की शर्तों का पालन न करने पर जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए।

नगर पालिका बोर्ड बैठक में चार सभासद रहे गैर हाजिर

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। नगरपालिका परिषद के सभागार में संपन्न बोर्ड बैठक में गुरुवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के अलावा वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, कुसुमलता पाल, सीमा जैन, राखी पंवार, रितु त्यागी, अनीता हसीन राणा, नौशाद खां, नवाब जहां, ममता बालियान, बबीता वर्मा, रजत धीमान, शौकत अंसारी, हकीम इरशाद, शहजाद चीकू, नौशाद पहलवान, अमित पटपटिया, नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, मोहित मलिक, शिवम गुप्ता, अर्जुन प्रजापति समेत कुल 51 सभासद मौजूद रहे। गुरुवार को संपन्न बोर्ड बैठक में नई मंडी की वार्ड सभासद फाल्गुन मित्तल, सभासद देवेश कौशिक, पूजा पाल और सुशील देवी गैर हाजिर रहे। इसके अलावा पालिका की बोर्ड बैठक में पालिका परिषद अधिकारियों में मुख्य रूप से कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव, एई जलकल सुनील कुमार, एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, जेई जलकल जितेन्द्र कुमार, चीफ योगेश कुमार, सेनेट्री इंस्पेक्टर प्लाशा मैनवाल, कार्यवाहक टीएस पवन यादव, लिपिक अशोक ढिंगड़ा, योगी चन्द वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

लखनऊ में बड़ा हादसा, दुकानों में घुसा अनियंत्रित ट्रक, तीन लोगों की मौत

लखनऊ, 30 जनवरी (एजेंसी)। इटौंजा से कुर्सी रोड की ओर जा रहा तेज रफ्तार कंटेनर मंगलवार रात अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मौजूद दुकानों पर पलट गया। कंटेनर के नीचे दुकानदार और ग्राहक दब गए। हादसे में महोना नगर पंचायत के तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कंटेनर पर फ्रूटी लदी हुई थी। इसकी वजह से राहत एवं बचाव अभियान में पुलिस और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इंस्पेक्टर इटौंजा के मुताबिक हादसे में महोना के शिवा (18), संजीव (18) और धनेश (22) की मौत हुई है। वहीं, महोना के ही मुन्ना, नीरज और मनीष रावत गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इनके अलावा दो अन्य लोगों को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। कंटेनर की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसके पलटते ही दुकानें जमींदोज हो गईं। मलबे में और लोगों के दबे होने की आशंका को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। देर रात में कंटेनर को किनारे कर मलबे को जेसीबी से हटाने का काम शुरू हुआ। हादसा मंगलवार रात करीब 10 बजे का बताया जा रहा है। कंटेनर की चपेट में चिंटू चौरसिया की टीवी की दुकान, नीरज की मोबाइल फोन की दुकान, मनीष की अंडे की दुकान और पुतान की इलेक्ट्रानिक की दुकान क्षतिग्रस्त हो गई। चारों दुकानें खुली हुई थीं। कुछ खरीदार भी वहां मौजूद थे। थोड़ी देर बाद व्यापारी दुकानें बंद कर घर जाने वाले थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

योगी सरकार सख्त: एनुअल कांफिडेंशियल रिपोर्ट न देने पर रुकेगा जनवरी माह का वेतन

लखनऊ, 30 जनवरी (एजेंसी)। प्रदेश में समूह क व ख श्रेणी के अधिकारियों को अपनी 2023-24 की एनुअल कांफिडेंशियल रिपोर्ट (एसीआर) मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल करनी है। सचिवालय प्रशासन ने कड़े निर्देश दिए हैं कि रिपोर्ट न देने पर संबंधित अधिकारियों का जनवरी महीने का वेतन रोक दिया जाएगा। सचिवालय प्रशासन की ओर से हाल ही में सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव को पत्र भेजकर कहा गया है कि इन अधिकारियों की वर्ष 2023-24 की ऑनलाइन गोपनीय प्रविष्टि दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं। हाल में की गई समीक्षा में पता चला है कि काफी लोगों द्वारा मानव संपदा पोर्टल पर अपनी स्व मूल्यांकन आख्या नहीं अपलोड की गई है। ऐसे में समीक्षा अधिकारी समेत सभी समूह क व ख श्रेणी के अधिकारियों की रिपोर्ट ऑनलाइन कराना सुनिश्चित करें। सचिवालय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक ने कहा है कि ऐसा न करने पर संबंधित का जनवरी महीने का वेतन न जारी किया जाए। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले तक लगभग तीन-चार सौ अधिकारियों की रिपोर्ट ऑनलाइन नहीं की गई थी। तकनीकी दिक्कत की वजह से कई ने रिपोर्ट ऑफलाइन ही जमा की है। इसकी अपडेट जानकारी एक-दो दिन में मिलेगी। इसके अनुसार आगे की कार्यवाही संबंधित विभाग करेंगे।

'देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं', आईपीएस अधिकारी से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसी)। एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति और उसकी अलग रह रही पत्नी के बीच के विवाद में यह टिप्पणी की। दरअसल व्यक्ति के वकील ने अदालत में कहा कि महिला आईपीएस अधिकारी है और इस वजह से उसके मुवक्किल को हमेशा परेशानी झेलनी पड़ेगी। इस पर जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि 'देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है'। पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों को आपस में बातचीत कर विवाद को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि 'यह एक आईपीएस अधिकारी है और आप एक व्यवसायी हैं। ऐसे में अदालत में अपना समय बर्बाद करने से अच्छा है कि आप दोनों बैठकर इस विवाद को खत्म कर लें। अगर किसी को पीड़ित किया जाता है तो उसकी सुरक्षा के लिए हम हैं।' व्यक्ति के वकील ने कहा कि उसके मुवक्किल और उसके पिता के खिलाफ आईपीएस अधिकारी महिला ने केस दर्ज कराया था, जिसके चलते दोनों को जेल हुई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जून 2022 में अपने आदेश में व्यक्ति के माता-पिता के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को खत्म करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय के इस निर्देश के खिलाफ आईपीएस अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील ने आरोप लगाया कि आईपीएस अधिकारी ने पुलिस सेवा जॉइन करते समय गलत घोषणा पत्र दिया था कि उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं है, जबकि उस वक्त महिला अधिकारी के खिलाफ दो मामले दर्ज थे। इस पर पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'ऐसा लगता है कि आप अपनी जान बचाने से ज्यादा इस बात में इच्छुक हैं कि महिला अधिकारी की नौकरी कैसे जाए। लेकिन महिला अधिकारी का जीवन बर्बाद करने के चक्कर में आपका खुद का भी जीवन बर्बाद होगा।' पीठ ने कहा कि अगर महिला अधिकारी ने कुछ गलत किया है तो उसका फैसला गृह मंत्रालय करेगा। पीठ अब दो हफ्ते बाद इस मामले की सुनवाई करेगी।

शेष - बोर्ड बैठक में ...

संशोधन के लिए फिलहाल रोक लिया गया। संशोधन के बाद अगली बैठक में इसको लाने की तैयारी है। वहीं प्रस्ताव 448 में पालिका के स्वामित्व वाले भवनों और दुकानों का किराया अनुबंध और नामांतरण साल 1977 के शासनादेश या 2014 के बोर्ड प्रस्ताव के तहत करने पर बोर्ड की स्वीकृति मांगी गई थी, इस पर विवाद होने की दशा में सदन की सहमति पर इसे निरस्त करने का निर्णय लिया। बोर्ड बैठक में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की पहल पर 55 वार्डों में सड़क और नाली निर्माण सहित अन्य विकास के 196 कार्यों को मंजूरी मिली। इन कार्यों पर पालिका 29 करोड़ 75 लाख 46 हजार 900 रुपये खर्च करने जा रही है। बैठक में कुल 78 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के साथ जनकल्याण के साथ ही पालिका कर्मियों के हितों के प्रस्तावों को सदन ने मंजूरी प्रदान की।

अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर स्वाति मालीवाल ने फेंका कूड़ा

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसी)। आप सांसद स्वाति मालीवाल ने गुरुवार अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर कूड़ा फेंका। तीन गाड़ियों में कूड़ा भरकर मालीवाल अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध जताने पहुंचीं थीं। पुलिस ने स्वाति मालीवाल को हिरासत में ले लिया है। इससे पहले स्वाति मालीवाल स्थानीय निवासियों के साथ विकासपुरी के उस इलाके में पहुंचीं जहां कचरे का ढेर लगा हुआ था। उन्होंने आप चीफ केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा, हम यह कचरा अरविंद केजरीवाल के घर ले जाएंगे और उनसे पूछेंगे कि दिल्ली के हर इलाके को दिए गए इस गंदे तोहफे का क्या करें। मालीवाल ने कहा कि केजरीवाल अब आम आदमी नहीं रहे। उन्हें दिल्ली की जमीनी हकीकत का कोई अंदाजा नहीं है। मालीवाल ने दावा किया कि दिल्ली में स्वच्छता और बुनियादी ढांचे की स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने विकासपुरी की महिलाओं की शिकायतों का हवाला दिया, जिन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक को कई शिकायतों के बावजूद उनकी सड़क पर कचरे का ढेर लग गया है। मालीवाल ने कहा कि दिल्ली का हर कोना-कोना गंदगी से भरा हुआ है, सड़कें टूटी हुई हैं, और नालियां बह रही हैं। मालीवाल ने यह भी कहा कि केजरीवाल शहर की समस्याओं से पूरी तरह कट चुके हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह प्रदर्शन किसी पार्टी के खिलाफ नहीं है। आज दिल्ली की हालत बहुत खराब है।

अंबाला में बीएसपी नेता के हत्यारे का एनकाउंटर, दो पुलिसकर्मी भी घायल

अंबाला, 30 जनवरी (एजेंसी)। हरियाणा के अंबाला जिले के नारायणगढ़ में हाल ही में बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपी सागर को पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मुठभेड़ में मार गिराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुठभेड़ अंबाला के एम। महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज के पास हुई। सागर का शव छावनी के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस के 2 से 3 जवान भी घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि हाल ही में नारायणगढ़ इलाके में बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हालांकि, उनके दो साथी घायल हुए थे। हत्या की जिम्मेदारी इनामी बदमाश वेंकट गर्ग ने ली थी। वेंकट पर दो लाख रुपये का इनाम है। गर्ग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। उसे यह भी धमकी दी थी कि जो भी उसके खिलाफ जाएगा, उसे यही अंजाम होगा।

सहारनपुर में 50 लाख रुपये की स्मैक के साथ दो देवर और भाभी गिरफ्तार

सहारनपुर, 30 जनवरी (एजेंसी)। शहर कोतवाली पुलिस ने 50 लाख रुपये की स्मैक के साथ दो देवर और उनकी भाभी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 415 ग्राम स्मैक, नकदी और पैकिंग का सामान मिला है। यह तस्कर बरेली से स्मैक लाकर सहारनपुर में सप्लाई करते थे। बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन में एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोहल्ला नूरबस्ती में मुस्तफा के मकान पर छापा मारा। तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के नाम मुस्तफा, उसका सगा भाई भूरा उर्फ रईस और उनकी भाभी नवाबो हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका परिवार लंबे समय से स्मैक की तस्करी का काम करता है। उनके भाई सोनू उर्फ शकील के घर पर पुलिस लगातार दबिश दे रही थी, जिस कारण उसने स्मैक का काम दूसरे मकान में शिफ्ट कर दिया था। परिवार के सभी लोग स्मैक बेचने में लग गए थे। कुछ दिन पहले सोनू बरेली से शमीम नाम के व्यक्ति से स्मैक खरीदकर लाया था। उन्होंने स्वीकार किया कि वह स्मैक को छोटे-छोटे पाउच में पैक कर बेचते हैं और इससे अच्छा मुनाफा कमाते हैं। सभी घर में स्मैक की पुड़िया बना रहे थे, तभी पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों से 6140 रुपये की नकदी, 415 ग्राम स्मैक, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे, पांच लाइटर और अन्य सामान बरामद किया।

छेड़छाड़ के आरोपी को खंभे से बांधकर बेरहमी से पीटा

सहारनपुर, 30 जनवरी (एजेंसी)। सहारनपुर जनपद के बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में छेड़छाड़ के आरोपी को युवती के परिजनों ने खंभे से बांधकर पीटा। इसका वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने युवती के परिजनों समेत 11 आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। अनुसूचित जाति के एक युवक पर कई दिन पहले दूसरी बिरादरी की युवती से छेड़छाड़ का आरोप लगा था। इसके बाद लड़की के परिजनों ने छेड़छाड़ करने वाले युवक को पकड़कर खंभे से बांधा और उसकी पिटाई कर दी। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पिटाई की घटना 18 जनवरी की है, जिसके बाद 19 जनवरी को लड़की के परिजनों ने युवक के खिलाफ बिहारीगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया। वहीं युवक के परिजनों की तरफ से मुख्यमंत्री से लेकर उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई, जिसमें पिटाई करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों तक मामला पहुंचने के बाद पुलिस ने भी हरकत में आई। वीडियो में मारपीट करने वालों की पहचान की जा रही है।

इंडियन ऑयल अधिकारी के घर सीबीआई का छापा

मेरठ, 30 जनवरी (एजेंसी)। मेरठ में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने इंडियन ऑयल के अधिकारी मोहित सिंह के मेरठ में जागृति विहार आवास पर जांच व छानबीन की। बताया गया है कि सीबीआई की कई टीम ने एक साथ मेरठ के अलावा पानीपत और मुजफ्फरनगर स्थित उनके आवासों पर छापा मारा है। मोहित सिंह वर्तमान में पानीपत में कार्यरत हैं। जानकारी के अनुसार सीबीआई की गाजियाबाद ब्रांच ने सुबह करीब साढ़े दस बजे मोहित सिंह के मेरठ में जागृति विहार सेक्टर-4 स्थित आवास पर छापा मारा। दिल्ली नंबर और पुलिस लिखे वाहनों से टीम यहां पहुंची। टीम ने शाम छह बजे तक अपनी जांच पड़ताल की। बताया गया है कि टीम ने यहां से काफी बड़ी नकदी और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। सीबीआई की जांच में यह बात सामने आई है कि मोहित की खिलाफ मिलावटी तेल बेचने की कई शिकायतें पहले ही दर्ज की जा चुकी थीं।

मेरठ रचेगा इतिहास, देश में पहली बार एक ही ट्रैक पर दौड़ेगी नमो भारत और मेट्रो

मेरठ, 30 जनवरी (एजेंसी)। वेस्ट यूपी के लोगों के लिए लाइफलाइन बनने जा रही नमो भारत ट्रेन अब फरवरी के अंत तक शताब्दी नगर तक दौड़ने लगेगी। वेस्ट यूपी के महत्वपूर्ण जिले में शामिल मेरठ के बड़े व्यापारिक केंद्र कहे जाने वाले बेगमपुल इलाके में जिले का सबसे बड़ा फ्फ्ब्ब्र अंडरग्राउंड स्टेशन बनाया जा रहा है। यह स्टेशन जमीन से करीब 65 फीट नीचे दिल्ली के राजीव चौक स्टेशन की तर्ज पर होगा। यहां से यात्रियों को नमो भारत रैपिड ट्रेन और मेरठ मेट्रो दोनों ट्रेनों की सुविधाएं मिलेंगी। देश में पहली बार इस स्टेशन से एक ही ट्रैक पर ये दोनों ट्रेनें चलेंगी, जिसके लिए युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य चल रहा है। प्रत्येक स्टेशन पर लिफ्ट इस तरह बनाई गई हैं, जिनका आकार बड़ा है जिससे कि मेडिकल संबंधी सहायता के लिए जरूरत पड़ने पर स्ट्रेचर आदि भी ले जाया जा सकता है। इतना ही नहीं ट्रेन में भी स्ट्रेचर ले जाने की सुविधा है। नमो भारत रैपिड ट्रेन का संचालन दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ के मेरठ साउथ तक हो रहा है। अगले महीने शताब्दी नगर तक ट्रेन का संचालन शुरू करने की तैयारी है। मेरठ में बेगमपुल के अलावा मेरठ सेंट्रल और भैसाली स्टेशन अंडरग्राउंड स्टेशन हैं। उन पर केवल मेट्रो की सुविधा मिलेगी, जबकि नमो भारत मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम स्टेशन पर ही मिलेगी। इसके अलावा मेरठ में कुल 13 स्टेशन पर मेरठ मेट्रो के 23 किलोमीटर के सेक्शन में दौड़ेगी। मेट्रो का ट्रायल मेरठ साउथ स्टेशन

से मेरठ सेंट्रल (फुटबॉल चौक) तक रोजाना किया जा रहा है। इस स्टेशन के चार प्रवेश और निकास द्वारों से स्टेशन में यात्री अलग अलग दिशाओं में आ जा सकेंगे। प्रत्येक प्रवेश-निकास द्वार पर एक लेवल से दूसरे लेवल पर आने-जाने के लिए सीढ़ियों के अलावा अलग-अलग जगहों पर कुल 20 एस्केलेटर इस स्टेशन में लगेंगे। साथ में 5 लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

हनीमून से लौटते समय हादसा, शादी के 8वें दिन हुई पति की मौत

बागपत, 30 जनवरी (एजेंसी)। नैनीताल में हनीमून मनाकर लौट रहे गोठरा गांव के अधिवक्ता दंपती की कार रामपुर में ट्रक से टकरा गई। हादसे में पति की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। इनकी शादी 18 जनवरी को हुई थी। मौत से खुशियों वाले घर में मातम पसर गया। कोतवाली खेकड़ा के गोठरा गांव निवासी 24 वर्षीय अधिवक्ता रोहित बंसल पुत्र राकेश बंसल दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में वकालत करते थे। 18 जनवरी को रोहित की शादी दिल्ली के राजघाट निवासी साथी अधिवक्ता वंदना के साथ हुई थी। स्वजन के अनुसार 22 जनवरी को दोनों नैनीताल में हनीमून के लिए गए थे। वे नीब करौरी बाबा के दर्शन कर 25 जनवरी की रात अपनी अर्टिगा कार से लौट रहे थे। देर रात डेढ़ बजे जब वे मुरादाबाद जिले के रामपुर में पहुंचे तो उनकी कार की टक्कर ट्रक से हो गई। कार रोहित चला रहे थे। हादसे में दंपती घायल हो गए। इलाज के दौरान अधिवक्ता रोहित बंसल की मौत हो गई। वंदना गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रोहित का शव रविवार को गांव पहुंचा जहां उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

महाकुंभ भगदड़ का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट : अधिवक्ता ने दाखिल की याचिका

प्रयागराज, 30 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। याचिका में महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए उचित प्रबंधन की मांग की गई है। याचिका में यह भी मांग की गई है कि भगदड़ जैसी घटनाओं से बचने के लिए सुविधा केंद्रों की स्थापना की जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, वीआईपी मूवमेंट को प्रतिबंधित करने और प्रवेश तथा निकास के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। यह याचिका वकील विशाल तिवारी द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र हो या प्रयागराज यातायात न रुके, बाहर जाने का मार्ग रुकना नहीं चाहिए। एक-एक श्रद्धालु को सुरक्षित पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। प्रयागराज के सभी स्टेशनों पर ज्यादा भीड़ इकट्ठा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकाधिक मेला स्पेशल ट्रेन व अतिरिक्त बसें चलाए। साथ ही ह्यप्रयागराज की ओर आने वाले हर मार्ग पर पेट्रोलिंग बढाएं। होल्डिंग एरिया में भोजन और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। अयोध्या, वाराणसी, मिजार्पुर और चित्रकूट प्रशासन को भी योगी ने कड़े निर्देश दिए है। योगी ने कहा कि सतर्क रहें-सावधान रहें, सबकी सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किया जाए। महाकुंभ में अब अनुभवी ऑफिसर्स की ड्यूटी लगाई गई है। IAS आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज पहुंचने को कहा गया है। 2019 अर्ध कुंभ गोयल और गोस्वामी की जोड़ी ने विजय किरण के साथ मिलकर करवाया था। भानु तब डीएम और प्राधिकरण के श्उ थे। आशीष गोयल तब के इलाहाबाद के कमिश्नर और अर्धकुंभ मेला का प्रभारी थे। 5 और विशेष सचिव रैंक के अधिकारियों को कुंभ भेजा गया है। जिनका अनुभव रहा

पूर्व एयरफोर्स जवान की खड़ी फसल पर चला ट्रैक्टर

मुजफ़्फ़रनगर, 30 जनवरी (बु.)। जिले के पुरबालियान गांव में दबंगई का एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां विपक्षियों ने पूर्व एयरफोर्स जवान अब्बास अली की 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल पर जबरन ट्रैक्टर और रोटरी टिलर चला दिया। लाख कोशिशों के बावजूद भी ट्रैक्टरों को रोका नहीं जा सका और पूरी फसल तहस-नहस कर दी गई। बताया जाता है कि पूर्व एयरफोर्स जवान अब्बास अली की जमीन से जुड़ा मामला मुजफ़्फ़रनगर के बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में विचाराधीन है। मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी यानी आज होनी तय थी, लेकिन विपक्षियों ने सुनवाई से पहले ही सोमवार को जबरन फसल नष्ट कर दी। बताते चलें कि अब्बास अली 25 साल तक एयरफोर्स में मैकेनिकल इंजीनियर के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं और फिलहाल बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत हैं। उनकी पत्नी दिलरुबा भी मुजफ़्फ़रनगर शहर में थीं, जबकि इसी दौरान विपक्षियों ने उनकी गैर-मौजूदगी में उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। उक्त घटना के दौरान अब्बास अली के भतीजे शादाब ने ट्रैक्टर रुकवाने की कोशिश की, तो विपक्षियों ने उसे धमकाते हुए दबंगई दिखाई। इस बात को लेकर गुरुवार को अब्बास अली और उनके परिवार के लोग डीएम से न्याय की गुहार लगाने पहुंचे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच आमना-सामना भी हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी को फोर्स के साथ पुरबालियान गांव पहुंचने और जांच कर जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आपको बता दें कि पुरबालियान में चकबंदी के कई मामलों को लेकर तनातनी का माहौल है। जमीन को लेकर बन रही तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर गांव में पीएसी तैनात करने की भी मांग की।

उद्घाटन समारोह के बिना होगा चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसी)। चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 19 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट से पहसे सभी को उद्घाटन समारोह की तारीखों का इंतजार है। हालांकि, अब खबर आई है कि टीमों के व्यस्त कार्यक्रमों के चलते टूर्नामेंट की शुरूआत से पहले होने वाले फोटोशूट और प्रेस कॉन्फ्रेंस को रद्द कर दिया गया है। इससे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पाकिस्तान जाने की अटकलों पर भी विराम लग गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र के हवाले से बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत से पहले कप्तानों का कोई फोटोशूट या प्रेस कॉन्फ्रेंस पाकिस्तान में नहीं होगी। टीमों के व्यस्त कार्यक्रम और अनुपलब्धता के कारण टूर्नामेंट से पहले पूर्व कप्तानों की बैठक रद्द करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

6 दिनों से गायब 2 बच्चों का नहीं लगा सुराग

बुढ़ाना, 30 जनवरी (बु.)। छह दिन से दो बच्चों का कोई भी पता नहीं है। परेशान परिजनों ने आज बृहस्पतिवार के दिन कोतवाली बुढ़ाना पहुंचकर बुढ़ाना पुलिस से दोनों बच्चों की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। बुढ़ाना पुलिस ने परिवार के लोगों को आश्वासन दिया है कि पुलिस दोनों बच्चों की सकुशल बरामदगी करने के प्रयास में लगी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर निवासीगण लगभग 15 वर्षीय अरशद और फिरोज अंसारी बीती 25 जनवरी की सुबह लगभग 10 बजे से रहस्यमय ढंग से गायब हैं। दोनों किशोर अपने गांव से बिना किसी को भी बताये कहीं पर चले गये हैं। अरशद का मोबाईल बन्द आ रहा है। दोनों के परिजन अपने अपने पुत्रों को इधर उधर तलाश कर रहे हैं, लेकिन आज छह दिन बीत जाने के बाद भी दोनों किशोरों का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। इस संबंध में दोनों किशोरों के परिजन आज बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली मे पहुंचे और बुढ़ाना पुलिस से दोनों किशोरों की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई, जिस पर बुढ़ाना पुलिस ने दोनों किशोरों के परिजनों को आश्वासन देते हुए कहा है कि उनके दोनों बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट को दर्ज कर लिया गया है। जल्दी दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

दो दिन से अभिषेक भी है गायब...

बुढ़ाना, 30 जनवरी (बु.)। बीते बुधवार की दोपहर से 10 वर्ष का अभिषेक भी गायब है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के नदी वाला मंदिर से आगे कच्चा पुल पार अंबाला निवासी सिग्लीगर झोपड़पट्टी डालकर रहते हैं। इसी डेरे के स्व. शमशेर बंजारे का 10 वर्ष का पुत्र अभिषेक बीती बुधवार को पुराने बस स्टैंड के पास सब्जी लेने गया था। शाम तक भी जब अभिषेक घर नहीं पहुंचा, तो उसको उसकी मां ने तलाश किया, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। पुलिस में भी सूचना दी गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभिषेक की भी तलाश शुरू कर दी है।

महाकुंभ में भगदड़ के बाद सीएम योगी ने लिए कई सख्त फैसले

प्रयागराज में अब वीआईपी पास किए गए रद्द, वन वे रूट और नो व्हीकल जोन व्यवस्था लागू

प्रयागराज, 30 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ में भगदड़ के बाद आगे के स्नानों को देखत हुए बड़े बदलाव किए गए हैं। पूरा मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। यानि कि अब संगम क्षेत्र में गाड़िया नहीं आ पाएंगी। वहीं वीआईपी पास रद्द किए गए हैं। किसी भी विशेष पास के जरिए वाहन को प्रवेश नहीं मिलेगा। प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर हुई भगदड़ और दुखद मौतों के बाद मेला प्रशासन और प्रयागराज जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए पांच बड़े बदलाव तत्काल प्रभाव लागू किए हैं। अब पूरे मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है, जिससे किसी भी प्रकार के वाहन को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। बता दें कि मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 60 श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें से 36 श्रद्धालु अभी अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद 24 श्रद्धालुओं को उनके परिजन अपने साथ लेकर घर की ओर रवाना हो गए। महाकुंभ में भगदड़ के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश पर जो सख्त व्यवस्था की गई है, उनमें मेला क्षेत्र पूरी तरह नो-व्हीकल जोन सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। वीआईपी पास हुए रद्द- किसी भी विशेष पास के जरिए वाहन को प्रवेश नहीं मिलेगा। रास्ते किए गए वन-वे- श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए एक तरफा मार्ग व्यवस्था लागू की गई। वाहनों की एंट्री पर- रोक प्रयागराज से सटे जिलों से आने वाले वाहनों को जिले की सीमा पर रोका जा रहा है। 4 फरवरी तक सख्त प्रतिबंध लागू किया गया है, जिसमें तहत शहर में चार पहिया वाहनों की एंट्री पर पूरी तरह से रोक रहेगी। मेला प्रशासन का कहना है कि इन बदलावों का उद्देश्य कुंभ क्षेत्र में भीड़ को नियंत्रित करना और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने में सहयोग करें।

सीएम योगी का बड़ा फैसला: अमृत और प्रमुख स्नानों पर वीआईपी मूवमेंट होगा प्रतिबंधित, नहीं रहेगा कोई प्रोटोकाल

लखनऊ, 30 जनवरी (एजेंसी)। महाकुम्भ-2025 में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ-साथ वीआईपी और वीवीआईपी भी त्रिवेणी संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने आ रहे हैं। हालांकि, अमृत स्नान और प्रमुख स्नान पर्वों पर इस तरह के प्रोटोकॉल पर योगी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। सीएम योगी की मंशा के अनुसार, अमृत स्नान व प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा इसके समीप की तिथियों पर प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। योगी सरकार की ओर से मेले की शुरूआत से पहले ही इसकी घोषणा की गई थी। अब इस फैसले को सख्ती से लागू किए जाने की पहल की गई है। उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ मेला-2025 के प्रारंभ में ही योगी सरकार ने अमृत स्नान व प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा उसके एक दिन पहले व एक दिन बाद की तिथियों पर वीआईपी मूवमेंट रोकने को लेकर एक सर्कुलर जारी किया था। योगी सरकार की इस पहल के जरिए आम श्रद्धालुओं को स्नान पर्व के अवसर पर यादगार अनुभव उपलब्ध कराया जा सकेगा, जहां वह वीआईपी मूवमेंट के कारण हुई असुविधा, मार्ग परिवर्तन, बाधा और रोक से हटकर चिंतामुक्त होकर स्नान व यात्रा कर सकेंगे। जारी सर्कुलर में इस बात का साफ उल्लेख किया गया है कि अमृत स्नान समेत सभी प्रमुख स्नान पर्वों व उसके आसपास के दिनों में वीआईपी मूवमेंट पर रोक रहेगी। ऐसे में, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि तथा उसके एक दिन पहले व एक दिन बाद तीर्थराज प्रयागराज में मूवमेंट के इच्छुक वीआईपी व वीवीआईपी डेलिगेशन को वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं मिल सकेगा।

प्रयागराज की उड़ानों के ऊंचे किराये पर सरकार ने दिखाया एक्शन, इंडिगो ने 50% तक किराया घटाया

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ के लिए देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के बीच देखे जा रहे भारी उत्साह के बीच प्रयागराज की उड़ानों के किराये बेहद ऊंचे स्तर पर चले जाने को लेकर बुधवार को नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइंस से उचित किराया तय करने के लिए कहा। इस निर्देश के बाद देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने प्रयागराज के लिए अपनी उड़ानों के किराये में 30-50 प्रतिशत तक की कटौती कर दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसके पहले उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने प्रयागराज की उड़ानों का हवाई किराया 'बहुत अधिक' हो जाने की बात कही और विमानन नियामक डीजीसीए से इस दिशा में कदम उठाने की मांग की। प्रयागराज के संगम क्षेत्र में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ मेले का हिस्सा बनने के लिए देश-विदेश के लाखों लोग पहुंच रहे हैं। इसकी वजह से हवाई यात्रा की मांग बहुत तेजी से बढ़ी जिससे किराये में भी जबरदस्त उछाल आया है। ऐसी स्थिति में नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइंस से टिकट की कीमतों को तर्कसंगत बनाने के लिए कहा था। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बुधवार को सचिव वी वुलनाम, नागर विमानन महानिदेशालय के महानिदेशक फैज अहमद किदवई और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रयागराज की उड़ानों के संबंध में एयरलाइंस प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

कोहरे का प्रकोप फिर शुरू, तेज हवाओं ने बढ़ाई चिंता

मुजफ्फरनगर, 30 जनवरी (बु.)। दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर भारत में एक बार फिर मौसम में बदलाव का क्रम शुरू होने वाला है। ऐसे में बारिश की संभावना के साथ वेस्ट यूपी में कोहरे की घनी चादर छाने का क्रम जारी है।

5 दिनों से पश्चिमी विक्षोभ से बनी बारिश की संभावना

हालांकि घने कोहरे के साथ दिन में हल्की धूप निकलने के बाद हवाओं की गति से कोहरा छंटा तो वाहनों की गति में इजाफा राहत भरा साबित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर समेत वेस्ट यूपी में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ मौसम शुष्क बना रहेगा और फरवरी के पहले सप्ताह में बारिश होने की संभावना हैं। वहीं उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल, सिक्किम व तटीय ओडिशा में 31 जनवरी तक घना कोहरा छाने की अभी आशंका है। गुरूवार को दिल्ली-एनसीआर समेत वेस्ट यूपी में सुबह कोहरे के कहर कायम रहने के बाद दोपहर के समय तीव्र

गति से जारी हवाओं के चलते मौसम साफ हो गया एवं धूप खिली रही। इस दौरान मुजफ्फरनगर जनपद का अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज करने के साथ ह्यूमिडिटी का लेवल 94 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शुक्रवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने व हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना जताई है। मौसम विभाग के जारी अलर्ट के मुताबिक अभी पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में 4 फरवरी तक बारिश की संभावना है, वहीं उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 31 जनवरी से 4 फरवरी के बीच बारिश हो सकती है। नए पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से देश के कई हिस्सों में इस बीच मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। लद्दाख, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में अभी ठंड का प्रकोप जारी है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और असम में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। वहीं अरुणाचल व असम में बिजली चमकने की भी संभावना है। इसके अलावा उत्तर-पश्चिमी भारत में 31 जनवरी से 4 फरवरी के बीच बारिश होने की संभावना जताई गई है। वहीं हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर का प्रभाव बना हुआ है।

आजम के खिलाफ दरोगा और हेड कांस्टेबल ने दी गवाही

रामपुर, 30 जनवरी (एजेंसी)। सपा नेता आजम खां के खिलाफ भोट थाने में दर्ज नफरती भाषण के मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान बिजनौर के शेरगढ़ थाने में तैनात दरोगा ओगेंद्र कुमार और हेडकांस्टेबल जगदेव सिंह ने कोर्ट पहुंचकर गवाही दी। दरोगा की गवाही पूरी हो गई जबकि हेड कांस्टेबल से जिरह शेष है। इस मामले की अगली सुनवाई चार मार्च को होगी। यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव के वक्त का है। उस वक्त सपा नेता ने भोट क्षेत्र में जनसभा की थी। इसमें सपा नेता ने प्रशासनिक अफसरों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और इसका वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में वीडियो अवलोकन के प्रभारी अनिल चौहान ने 11 मई 2019 को भोट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है।